शैक्षिक समाचार राजस्थान

निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर

पेंशनर्स (नागरिक) अधिकार पत्र

प्रस्तावना

राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य है जहॉ सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निस्तारण के लिये पृथक से पेंशन विभाग की स्थापना की गई । पहले यह कार्य महालेखाकार, राजस्थान द्वारा किया जाता था, किन्तु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सुविधा देने के पुनीत उद्देश्य से 01.12.1979 को पेंशन निदेशालय की स्थापना की गई । कार्य विस्तार एवं सुविधा की द्रष्टि से वर्ष 1993–94 में जोधपुर, उदयपुर, तथा वर्ष 1994–95 में कोटा, बीकानेर तथा वर्ष 1995–96 में अजमेर में क्षेत्रीय कार्यालय खोले गये । वर्तमान में पेंशन प्रकरणों का निस्तारण क्षेत्रवार हो रहा है । क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर भी शीघ्र कार्य करने लगेगा । विभागाध्यक्षों व अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के कार्यक्षेत्र के तहत आने वाले जिलों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण, राजस्थान, जयपुर कार्यालय द्वारा किया जाता है ।

पेंशनर के हितार्थ सामान्य निर्देश

पेंशन विभाग द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्य सभी आम नागरिकों से संबंधित न होकर केवल पेंशनरों से ही संबंधित है । अतः पेंशनर्स के हितों को पर्याप्त संरक्षण उपलब्ध हो, के लिये निम्नांकित सामान्य दिशा निर्देश प्रसारित किये हुये हैं:–

1. पेंशनर को सेवानिवृत्ति के 2 वर्ष पूर्व उसकी सेवानिवृत्ति की सूचना मिल जावे ।
2. सेवानिवृत्ति से 1 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति मिल जावे ।
3. सेवानिवृत्ति से 6 माह पूर्व पेंशन प्रकरण तैयार होकर पेंशन विभाग को प्रेषित हो जावे ।
4. सेवानिवृत्ति से 2 माह पूर्व अधिकृतियॉ जारी हो जावे ।
5. आवेदन बाद समुचित समय में संशोधन अधिकृतियॉ जारी की जावे ।

पेंशन विभाग का कार्य क्षेत्र

विभाग द्वारा निम्नांकित मामलों में कार्य निष्पादित किया जाता है :

1. राज्य कर्मचारियों की पेंशन अधिकृत करना ।
2. राज्य कर्मचारियों के परिजनों को पारिवारिक पेंशन अधिकृत करना ।
3. संशोधित पेंशन अधिकृत करना ।
4. मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति उपादान राशि स्वीकृत करना ।
5. राज्य कैडर के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के पेंशन प्रकरणों से संबंधित अधिकृतियॉ जारी करना ।
6. स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन एवं नकद राशि अधिकृत करने संबंधी कार्य
7. पुलिस पदक एवं विशिष्ट और प्रशंसनीय सेवाओं के लिये पेंशन कार्य
8. भूतपूर्व रियासतों के शासकों के हाउस होल्डर्स स्टाफ से संबंधित पेंशन मामलें ।
9. भूतपूर्व रियासतों के कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण ।
10. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों के पेंशन संबंधी कार्य ।
11. नगरपालिका/परिषदों, राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा पंचायत समिति एवं जिला परिषद तथा नगरीय एवं आवास विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन संबंधी कार्य ।
12. भूतपूर्व जागीर कर्मचारियों के पेंशन संबंधी कार्य ।
13. डपादान के कालातीत मामलों को पुनर्वेध करना ।
14. पेंशन अंशदान वसूली कार्य ।
15. सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना ।
16. विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर लम्बे समय से लम्बित पेंशन प्रकरणों के निस्तारण के प्रयास करना ।
17. सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन भुगतान संबंधी समस्याओं का निस्तारण ।

पेंशनर के अधिकार/हित

कार्य/पेंशन परिलाभ	पेंशन स्वीकृति हेतु जरुरी औपचारिकतायें / प्रपत्र	अभियुक्ति
पेंशन :– (अ) अधिवार्षिकी पेंशन :– अधिवार्षिकी पेंशन ऐसे सरकारी कर्मचारी को स्वीकृत की जावेगी जो राजस्थान सेवा नियमों के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति आयु को प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होता है । (वर्तमान में 60 वर्ष)	1. मूल सेवापुस्तिका मय सत्यापन व पेंशन कुलक । 2. सेवानिवृत्ति आदेश । 3. विभागीय जॉच अबकाया प्रमाण पत्र । 4. अन्तिम वेतन भुगतान प्रमाण पत्र । 5. विभागीय अदेयता प्रमाण पत्र । 6. वाहन ऋण/भवन ऋण अदेयता प्रमाण पत्र । 7. वर्णात्मक नामावली मय संयुक्त फोटो । 8. सेवापुस्तिका के अन्त में पेंशन अवधारण हेतु वरिष्ठ लेखाकर्मी का वेतन नियतन के सही होने का प्रमाण पत्र । 9. विशेष वेतन (यदि कोई हो) का सेवापुस्तिका में इन्द्राज एवं विगत 10 माह के औसत की गणना । 10. कर्मचारी की जन्म दिनांक प्रमाणित होनी चाहिये । 11. यदि पेंशनर वर्कचार्ज सेवा में रहा हो व सीपीएफ सदस्य रहा हो तो नियोक्ता के अंशदान की (मय ब्याज) हस्तान्तण प्रविष्टि बीमा विभाग से प्राप्त कर भिजवानी होगी ।	1. कार्यालय अध्यक्ष द्वारा पेंशन प्रकरण सेवानिवृत्ति तिथि से 6 माह पूर्व पेंशन विभाग में भिजवाया जाना चाहिये । 2. सेवानिवृत्ति के ठीक पूर्व प्राप्त किये जा रहे वेतन जिसमें विशेष वेतन भी शामिल है, के पचास प्रतिशत तक (जिसे अर्हक सेवा के पूर्ण छः माही खंडों के कुल 56 के साथ अनुपात के आधार पर समायोजित किया जावेगा) पेंशन स्वीकृत की जाती है । 3. पेंशन के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की अर्हकारी सेवा होनी चाहिये । इसके अभाव में केवल सेवा ग्रेच्युटी ही स्वीकार्य है । 4. सेवा ग्रच्युटी प्रत्येक पूर्ण छः माहों के लिये 15 दिन की परिलब्धियों की दर पर संगणित की जावेगी । 5. 3 माह के बराबर या अधिक के वर्ष के भिन्नांश को पूर्ण आधे वर्ष के रुप में माना जावेगा । 6. पेंशन के लिये परिलब्धियों से तात्पर्य राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7 (24) में यथा परिभाषित वेतन से अभिप्रेत है । सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपादान के लिये अनुज्ञेय मंहगाई भत्ते की रकम को भी परिलब्धि का भाग माना जाता है ।

(ब) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति :– कोई भी सरकारी कर्मचारी 15 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने के बाद किसी भी समय नियुक्ति प्राधिकारी को न्यूनतम तीन माह का नोटिस देकर सेवा से निवृत्त हो सकता है ।	उपर्युक्तानुसार	उपर्युक्त के अतिरिक्त यह कि राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 के नियम 50 (1) के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर अर्हकारी सेवा में 5 वर्ष की वृद्धि की जाती है, किन्तु इससे अर्हकारी सेवावधि 33 वर्ष से ज्यादा नहीं होगी व अधिवार्षिकी आयु तक सेवा में बने रहने पर होने वाली कुल योग्य सेवा से अधिक नहीं होगी । (यह प्रावधान दिनांक 1.7.13 से सेवानिवृत कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा) ।
(स) असमर्थता पेंशन :– सरकारी कर्मचारी शारीरिक या मानसिक दुर्बलता के कारण राजकीय सेवा करने के लिये (चिकित्सीय प्रमाण पत्र के आधार पर) अयोग्य होने पर सेवानिवृत्त किया जाने पर उक्त पेंशन स्वीकार्य है ।	उपर्युक्तानुसार	अधिवार्षिकी पेंशन के लिये दर्शित अभ्युक्तियॉ यथावत ।
(द) क्षतिपूर्ति पेंशन :– स्रकारी कर्मचारी को उसके स्थायी पद की समाप्ति पर सेवानिवृत्त किया जाने पर उक्त पेंशन देय होती है ।	उपर्युक्तानुसार	अधिवार्षिकी पेंशन के लिये दर्शित अभ्युक्तियॉ यथावत ।
(य) अनिवार्य सेवानिवृत्ति :– किसी सरकारी कर्मचारी को अकर्मण्यता या संदेहास्पद सत्यनिष्ठा या कार्यालयीय कर्तव्यों के निर्वहन में अक्षमता या कार्यालयीय कर्तव्यों के उचित निष्पादन	उपर्युक्तानुसार	शास्ति रुप में अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर पेंशन या ग्रेच्युटी या दोनों क्षतिपूरक पेंशन के दो तिहाई से कम दर पर नहीं होगी या पूर्ण क्षतिपूरक पेंशन से अधिक नहीं होगी ।

में अकुशलता के कारण 15 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने 50 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने, जो भी पहले हो, पर अनिवार्य सेवानिवृत किया जाने पर उक्त पेंशन देय है ।		
(र) अनुकंपा भत्ता :– सरकारी कर्मचारी जिसे सेवा से बर्खास्त किया गया है, यदि मामला विशेष विचार किये जाने योग्य है, तो अनुकंपा भत्ता जो उस देय पेंशन या ग्रेच्युटी या दोनों के दो तिहाई से अधिक नहीं होगा जो यदि वह क्षतिपूरक पेंशन पर सेवानिवृत्ति होता हो उसे स्वीकार्य होती ।	उपर्युक्तानुसार	अनुकंपा भत्ता 3025/– रुपये प्रतिमाह से कम राशि का नहीं होगा, किन्तु 1.7.13 से न्यूनतम अनुकंपा भत्ता 3450 होगा ।
सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी :– सरकारी कर्मचारी जिसने पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी कर ली है, सेवानिवृत्त होने पर, अर्हकारी सेवा की प्रत्येक परिलब्धियों की एक चौथाई के बराबर सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी स्वीकार की जावेगी ।	1. सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के मामले में अधिवार्षिकी पेंशन के सम्मुख दर्शित औपचारिकताओं की पूर्ति । 2. मृत्यु ग्रेच्युटी के मामले में आवश्यक उक्त वर्णित दस्तावेजों के साथ प्रपत्र में अपना क्लेम प्रस्तुत करना । 3. मृत्यु के समय यदि कर्मचारी राजकीय आवास सुविधा का आवंटिती था तो कुछ बकाया नहीं प्रमाण पत्र संलग्न करना होता है । 4. मृत्यु प्रमाण पत्र ।	सरकारी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर निम्नानुसार मृत्यु ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है :– अर्हकारी सेवावधि ग्रेच्युटी की दर 1 वर्ष से कम परिलब्धियों का 2 गुणा 1 वर्ष से 5 वर्ष के परिलब्धियों का 6 गुणा बीच 5 वर्ष से 20 वर्ष के परिलब्धियों का 12 गुणा 20 वर्ष या अधिक प्रत्येक पूर्ण छः माही लिये मासिक परिलब्धि का आधा अधिकतक मासिक परिलब्धि के 33 गुणा तक (अधिकतम सीमा 10.00 लाख रुपये) 2. कर्मचारी द्वारा आत्म हत्या करने पर भी मृत्यु ग्रच्युटी का अनुज्ञेय है । 3. ऐसे कर्मचारी के मामले में जिसके बारे में कुछ ज्ञात न हो, सेवानिवृति मृत्यु ग्रेच्युटी का

		भुगतान परिवार को एक वर्ष बाद किये जाने का प्रावधान है ।
परिवार पेंशन :– ऐसा सरकारी कर्मचारी जो 1.10.96 को अस्थायी अथवा स्थायी सेवा में हैं तथा सेवा में रहते हुये या सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु हो जाती है, तो परिवार पेंशन अनुज्ञेय होती है । इसकी अनुज्ञेयता के लिये एक वर्ष की निरन्तर सेवा होना आवश्यक है । किन्तु, राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से या आयोग अधिकार क्षेत्र के बाहर के पद पर पूर्णरुपेण सेवा नियमों के अनुसार भर्ती किये गये व्यक्तियों के मामले में एक वर्ष का नियम लागू नहीं होगा । परिवार पेंशन मूल वेतन के 30 प्रतिशत के बराबर किन्तु, रुपये 3450/– से अन्यून स्वीकार्य होती है जो सरकार में अधिकतम वेतन के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है ।	1. मृत्यु प्रमाण पत्र 2. पुनर्विवाह न करने का प्रमाण पत्र 3. वर्णात्मक नामावली	1. सरकारी कर्मचारी या पेंशनर की मृत्यु के बाद 7 वर्ष तक बढ़ी हुई दर से परिवार पेंशन प्राप्त होती है, जो सामान्य दर से दुगुनी या अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, के बराबर होती है । बढ़ी हुई दर से परिवार पेंशन 7 वर्ष या पेंशनर यदि जीवित रहता तो 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक जो भी पहले हो, तक भुगतान किया जाता है । उसके बाद सामान्य दर से भुगतान किया जाता है । 2. परिवार पेंशन विधवा/विधुर के पुनर्विवाह तक तथा पुत्र की स्थिति में 25 वर्ष की आयु प्राप्ति या विवाह होने या संतान के रु. 6000/– प्रतिमाह कमाना शुरु करने पर, अविवाहित / तलाकशुदा/विधवा पुत्री के विवाह/पुनर्विवाह करने तक या 600/–रु प्रतिमाह की आय होने तक, जो भी पहले हो , तक अनुज्ञेय रहती है । 3. यदि पुत्र/पुत्री शारीरिक या मानसिक रुप से अक्षमह ै तथा आजीविका उपार्जन के अयोग्य है तो ऐसी संतान को आजीवन परिवार पेंशन देय होगी ।
अनुग्रह अनुदान :– ऐसे सरकारी कर्मचारी जिसकी ड्यूटी पर रहते हुये 1. अपने सामान्य मुख्य कार्यालय के बाहर 2. किसी दुर्घटना में 3. कर्त्तव्य निष्पादन के दौरान जान	1. अनुग्रह अनुदान विभागाध्यक्ष द्वारा स्वीकृत एवं भुगतान किया जाता है । 2. चुनाव ड्युटी में मरने पर संबंधित जिला कलक्टर द्वारा राशि को स्वीकृत एवं भुगतान किया जाता है । 3. स्वंय सेवी होमगार्डस के लिये महानिदेशक, होम गार्डस् द्वारा राशि को स्वीकृत एवं भुगतान किया जाता है ।	

बूझकर पहुंचाई गई चोट के कारण 4. अपनी पदीय हैसियत के कारण जान बुझकर पहुंचाई गई चोट के कारण 5. अपनी सेवा से संबंधित कारणों से हिंसा के द्वारा 6. चुनाव ड्युटी व जनगणना ड्युटी के कारण मृत्यु हो जाती है, तो कर्मचारी के परिवार को अनुग्रह अनुदान स्वीकार्य होता है ।		
प्रोविजनल पेंशन :– यदि सरकारी कर्मचारी के प्रकरण में किन्हीं कागजातों, आदेशों के अभाव, विभागीय जॉच, न्यायिक कार्यवाही लंबित होने या अन्य कारणों से अंतिम पेंशन स्वीकृति में समय लगना संभावी हो तो प्रोविजनल पेंशन एवं प्रोविजनल ग्रेच्युटी स्वीकार की जा सकती है ।	कार्यालय अध्यक्ष (विभागीय जॉच न्यायिक निर्णय लम्बित रहने पर नियुक्ति प्राधिकारी) द्वारा निदेशक, पेंशन विभाग, राजस्थान को संबोधित कर प्रपत्र 33 में स्वीकार्य जारी की जानी होती है ।	1. स्वीकृति प्राप्त होने पर निदेशक पेंशन विभाग द्वारा अन्यथा कारण न होने पर एक सप्ताह में प्रोविजनल पेंशन एवं प्रोविजनल ग्रेच्युटी आदेश जारी कर दिये जाते हैं । 2. प्रोविजनल पेंशन 100 प्रतिशत व प्रोविजनल ग्रेच्युटी सामान्य रुप में 75 प्रतिशत तथा निर्माण अग्रिम की वसूली के लिये प्रावधान रखने पर 20 प्रतिशत स्वीकार्य होगी । 3. विभागीय या न्यायिक कार्यवाही के लंबित होने की स्थिति में ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया जाता है ।
पहचान के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति :– नियम के रुप में पेंशनर को व्यक्तिशः भुगतान तभी करना चाहिए जब पेंशन भुगतान आदेश में मिलान कर उसकी पहचान कर ली गई हो । किसी प्रकार का कोई पेंशनर जो विनिर्दिष्ट किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, तो व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्त होगा ।	जीवन प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले विनिर्दिष्ट व्यक्ति :– 1. दंड प्रक्रिया संहिता के तहत मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करने वाला व्यक्ति । 2. भारतीय पंजीयन अधिनियम के तहत नियुक्त किया गया रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार । 3. राजपत्रित अधिकारी । 4. किसी पुलिसथाने का प्रभारी जो सब इंसपेक्टर की रैंक से निम्न स्तर का अधिकारी न हो । 5. पोस्ट मास्टर, विभागीय पोस्ट मास्टर या डाक धर का निरीक्षक ।	पेंशनर, जो भारत में निवासी नहीं हो, जिसके संबंध में उसका प्राधिकृत एजेन्ट किसी मजिस्ट्रेट नोटेरी बैंकर या भारत के किसी राजनयिक प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, तो व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्त होगा ।

	6. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया या प्रथम श्रेणी का अधिकारी या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी । 7. विकास अधिकारी या नायब तहसीलदार । 8. सांसद या विधायक या ग्राम पंचायत का सरपंच ।	
अन्य राज्यों में पेंशन का भुगतान अंतरण निदेशक, पेंशन विभाग, राजस्थान किसी ऐसे पेंशनर से जो राजस्थान में पेंशन आहरित कर रहा है एवं जो उसे अब दूसरे राज्य में प्राप्त करने का इच्छुक है, (संबंधित कोषाधिकारी के माध्यम से) आवेदन प्राप्त करने पर भुगतान का अंतरण दूसरे राज्य में उस कोषागार में करने के लिये अनुमति दे सकेगा ।	1. कोषागार अधिकारी अंतरण के आवेदन को अग्रषित करते समय उसके साथ पेंशन भुगतान आदेश के दोनो अधपन्नों को, उन पर उस दिनांक तक किये गये अंतिम भुगतानों को दर्ज करते हुये, संलग्न करेगा । 2. निदेशक, पेंशन विभाग तब या तो नये भुगतान आदेश को नये कोषागार पर भुगतान करने के लिये अंतरित करेगा तथा महालेखाकार राजस्थान के मार्फत ऐसा करने के लिये संबंधित राज्य के महालेखाकार को लिखेगा ।	
व्यतिक्रम एवं समपहरण :– यदि भारत में भुगतान योग्य पेंशन का एक वर्ष से अधिक समय तक भुगतान आहरित नहीं किया जाता है, तो पेंशन का भुगतान योग्य होना बंद हो जाता है ।	पेंशनर बाद में उपस्थित होता है, तो वितरण अधिकारी उसके भुगतान का नवीनीकरण करेगा किन्तु, तीन वर्ष से अधिक पुराने मामलों में नवीनीकरण निदेशक, पेंशन द्वारा किया जावेगा ।	कोषाधिकारी, पेंशन की बकाया राशि रु. 50,000/– तक का भुगतान कर सकता है । इसके बाद निदेशक पेंशन विभाग, राजस्थान की पूर्वानुमति से ही किया जावेगा ।
पेंशन रुपान्तरण :– मूल पेंशन राशि के अधिकतम एक तिहाई भाग तक पेंशन राशि का रुपान्तरण कराया जाकर एक मुश्त भुगतान प्राप्त किया जा सकता है ।	1. प्रपत्र – 1 में आवेदन करना होता है । 2. सेवानिवृत्ति की दिनांक से एक वर्ष के अंदर निघारित प्रपत्र में आवेदन करने पर चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी ।	1. सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी जिसके विरुद्व विभागीय/न्यायिक कार्यवाही लंबित है, को स्वीकृत की गई अस्थाई पेंशन को रुपान्तरित नहीं कराया जा सकेगा । 2. रुपांतरित पेंशन राशि के भुगतान या अधिकृति जारी होने के 3 माह जो भी पहले हो, 14 वर्ष बाद पेंशन राशि पुनः बहाल हो जाती है । अर्थात् रुपान्तरति भाग को पुनः स्थापित कर दिया जाता है ।

राजस्थान सरकार
निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स वैलफेयर विभाग, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः प.5(254)निपेवि/नियम/05/ [illegible] दिनांक 29/11/10

परिपत्र

विषयः पेंशनर की मृत्यु होने पर संबंधित बैंक द्वारा पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने के संबंध में।

1. शासन के ध्यान में यह आया है कि पेंशनर की मृत्यु उपरान्त पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने में विलम्ब होता है। ऐसे मामलों में पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने की राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के परिशिष्ट vi–पब्लिक सेक्टर बैंकों द्वारा राजस्थान सरकार के सिविल पेंशनरों की पेंशन के संदाय के लिए स्कीम, के अनुच्छेद संख्या 15 में प्रावधान हैं। इस संबंध में निदेशालय द्वारा पूर्व में परिपत्र क्रमांकः136–175एच दिनांक 29.03.2005 एवं 19–65 एच दिनांक 06.01.2010 आदि जारी किए गये हैं।

2. अतः पुनःनिर्देशित किया जाता है कि इस प्रकार के प्रकरण जिनमें पेंशन भुगतान आदेश के साथ वर्णात्मक नामावली में पति एवं पत्नी का संयुक्त प्रमाणित फोटो तथा नाम एवं विवरण के तथ्य सत्यापित हैं और पारिवारिक पेंशन की राशि नामजद है, उन प्रकरणों में पत्नी या पति को, जैसा भी प्रकरण हो, पेंशन संवितरक बैंक अपने स्तर से पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करेंगे।

3. बैंको द्वारा राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 के परिशिष्ट vi के अनुच्छेद 15 के अन्तर्गत पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने हेतु दी गई प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पेंशनर के पति/पत्नी से निम्न दस्तावेज (सुविधा हेतु प्रारूप संलग्न) प्राप्त किये जायेंगे:–

(1) पारिवारिक पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र
(2) अनियोजन प्रमाण पत्र
(3) पुर्नविवाह/अविवाह का प्रमाण पत्र
(4) पारिवारिक पेंशन का आवेदन पत्र
(5) अन्य स्रोतों से पारिवारिक पेंशन प्राप्त नहीं करने का प्रमाण पत्र
(6) पेंशन भुगतान आदेश का पेंशनर का भाग
(7) पेंशनर के मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति

4.बैंक द्वारा पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगी :–

(i) पीपीओ के दोनों भागों (बैंक हाब्स) पर पारिवारिक पेंशनर के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान लिए जायेंगे, जिसे शाखा प्रबन्धक द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

(ii) पीपीओ के दोनों भागों (बोथ हाब्स) पर पेंशनर की मृत्यु की तिथि, पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने की तिथि, पारिवारिक पेंशन की दर का अंकन एवं प्रमाणीकरणकिया जाएगा।

(iii) यदि पेंशनर को पेंशन का अधिक भुगतान किया गया है, तो उसका समायोजन किया जायेगा।

(iv) पेंशनर के विरुद्व यदि कोई अन्य वसूली हो, तो नियमानुसार वसूली सम्बन्धी प्रविष्टी दोनो भागों पर अंकित की जायेंगी।

(v) पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति की सूचना निदेशक पेंशन विभाग को प्रपत्र--29 में दी जायेगी।

5. उपरोक्त कार्रवाई के पश्चात् बैंक द्वारा पत्रावली मूल पीपीओ, पेंशनर के भाग सहित संबंधित कोषाधिकारी को भिजवाई जायेगी। कोषाधिकारी द्वारा पत्रावली में बैंक द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि उपरान्त टी.एस. पंजिका एवं डाटा बेस में आवश्यक प्रविष्टी या संशोधन करते हुए पत्रावली संबंधित बैंक को वापस भिजवाई जायेगी। **इसके लिए पारिवारिक पेंशनर को कोषालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है।**

6. जिन मामलों में पारिवारिक पेंशन की दर का संशोधन अपेक्षित है, उन मामलों में बैंक द्वारा पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने के पश्चात संशोधन हेतु पत्रावली मय मूल पी.पी.ओ (पेंशनर भाग) कोषाधिकारी को भिजवाई जायेगी, जिसके द्वारा पैरा 5 में वर्णित कार्यवाही के साथ भी पारिवारिक पेंशन की दर का संशोधन कर पत्रावली वापस बैंक को भिजवाई जावेगी। **इस प्रक्रिया में भी पारिवारिक पेंशनर को कोषालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है।**

7. कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर अथवा पेंशनर के पुत्र/पुत्री को पारिवारिक पेंशन अधिकृत करने हेतु पारिवारिक पेंशन भुगतान आदेश (एफ. पीपीओ) जारी किया जाता है, उन मामलों में उपरोक्त प्रक्रिया लागू नहीं होगी।

संलग्न : 5 प्रपत्र–पैरा 3 के अनुसार।

निदेशक

दिनांक:

क्रमांक: प.5(254) निपेवि/नियम /05/

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त कोषाधिकारी _____ (राजस्थान)
2. महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक/सहायक प्रबन्धक _____

निदेशक

③

(1)

जीवन प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने पेंशन संदाय आदेश संख्या_____ के धारक पेंशनर के पति/पत्नी श्री/श्रीमती _____ (पारिवारिक पेंशनर का नाम) को देखा है और वह आज इस तारीख को जीवित है।

स्थान :
तारीख :

नाम _____
प्राधिकृत अधिकारी_____
पदनाम (मुहर)_____

(2)

अनियोजन प्रमाण पत्र

(क) मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैंने अक्टूबर, 20___ में समाप्त हुए वर्ष के दौरान किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग या केन्द्रीय/राज्य सरकार की कम्पनी, निगम, उपक्रम, स्वशासी निकाय, कानूनी निकाय, स्थानीय निकाय, सहकारी सोसाइटी, संस्था आदि में, जो केन्द्र/राज्य सरकार के पूर्णतः या भागतः स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन हैं या जिसमें सरकार का सारवान वित्तीय हित है या जो अपने प्रशासनिक खर्च की पूर्ति करने के लिए सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहा है या भारतीय रिजर्व बैंक में या पब्लिक सेक्टर बैंक में या जी आई सी/एल.आई.सी इत्यादि में स्थायी रूप से, अस्थायी रूप से नियोजन/पुनः नियोजन/आमेलन के परिणामस्वरूप कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया है।

स्थान :
तारीख :

हस्ताक्षर_____
पेंशनर का नाम_____
पेंशनर संदाय आदेश सं_____

पुनर्विवाह/अविवाह का प्रमाण पत्र

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैं विवाहित नहीं हूँ/मैंने पिछले छह मास के दौरान विवाह नहीं किया है।

या

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मैंने पुनर्विवाह नहीं किया है और कोषालय/बैंक को ऐसी घटना होने पर रिपोर्ट करने का वचन देता हूँ/देती हूँ।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर _____
पेंशनर का नाम _____

मैं अपने पूरे ज्ञान और विश्वास से यह प्रमाणित करता हूँ कि पूर्वोक्त घोषणा सही है।

उत्तरदायी अधिकारी या
प्रतिष्ठित व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम _____
पदनाम _____

शैक्षिक समाचार राजस्थान

(5)

(4)

उपाबन्ध – V
पारिवारिक पेंशन के आवेदन का प्रारूप

स्व. श्री / श्रीमती _____ पदनाम
कार्यालय विभाग _____ की पारिवारिक पेंशन का आवेदन।

1. आवेदक का नाम
2. मृत सरकारी कर्मचारी / पेंशनर से संबंध
3. सेवानिवृत्ति का दिनांक, यदि मृतक पेंशनर था
4. सरकारी कर्मचारी / पेंशनर की मृत्यु का दिनांक
5. मृतक के उत्तरजीवी रक्त संबंधियों के नाम और आयु

नाम	जन्म की तारीख
विधवा / विधुर	
पुत्र	
अविवाहित पुत्रियां	

6. उस कोषालय / उप कोषालय / पब्लिक सेक्टर बैंक शाखा का नाम, जिससे संदाय चाहा गया है।

7. हस्ताक्षर या बायें हाथ के अंगूठे की छाप (उनके मामले में, जो अपने हस्ताक्षर करने जितने साक्षर नहीं है)

8. स्व. _____ की विधवा / विधुर / अवयस्क सन्तान के संरक्षक की वर्णन तालिका

जन्म दिनांक
ऊँचाई
हाथ या चेहरे पर वैयक्तिक चिन्ह, यदि कोई हो
बायें हाथ के अंगूठे और अंगुलियों की छाप

कनिष्ठिका अनामिका मध्यमा तर्जनी अंगूठा

9. आवेदक का पूरा पता :

अनुप्रमाणित
(1)
(2) _____

साक्षी
(1)
(2) _____

टिप्पण :– पारिवारिक पेंशन के आवेदन के साथ की वर्णनात्मक तालिका (स्तम्भ 8) और हस्ताक्षर या बाये हाथ के अंगूठे और अंगुलियों की छाप दो प्रतियों में दो अलग–अलग पन्नों में और दो राजपत्रित अधिकारियों या नगर, गांव या परगना जिसमें आवेदक निवास करता है, के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित, होने चाहिए।

शैक्षिक समाचार राजस्थान

(6)

(5)

अन्य स्त्रोत से पारिवारिक पेंशन प्राप्त नहीं करने का प्रमाण–पत्र

मैं_____पति / पत्नि / श्री / श्रीमती _____ _____धारक पी.पी.ओं संख्या _____ प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि मुझे राज्य सरकार या केन्द्रिय सरकार या राजकीय उपक्रम या स्वायत्तशाषी निकाय या स्थानीय निधि आदि किसी भी अन्य स्त्रोत से अन्य नियमों के अन्तर्गत पारिवारिक पेंशन नहीं मिल रहीं है।

पारिवारिक पेंशनर के हस्ताक्षर

शैक्षिक समाचार राजस्थान

राजस्थान सरकार
निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनर्स वैलफेयर विभाग, राजस्थान जयपुर

क्रमांक : प. 5 (254) निपेवि/नियम/05/1301-50 H दिनांक : 29-06-2012

परिपत्र

विषय : पेंशनर की मृत्यु होने पर संबंधित बैंक द्वारा पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने के संबंध में ।

उपर्युक्त विषय में निदेशालय पेंशन के पूर्व परिपत्र संख्या प.5 (254) निपेवि/नियम/05/1920–1963–II दिनांक 29.11.2010 के अनुच्छेद 3 के अन्तर्गत पेंशनर की मृत्यु होने पर पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने के लिए संबंधित बैंक को "पेंशन भुगतान आदेश का पेंशनर का भाग" प्रस्तुत करना होता है ।

इस संबंध में प्रकरण का पुनः परीक्षण कर यह निर्णय लिया गया है कि उक्त मामले में पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ करने हेतु पेंशन भुगतान आदेश का पेंशनर का भाग बिना प्राप्त किये ही पेंशनर की मृत्यु की सूचना Annexure-V में प्राप्त होने पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान पेंशनर के Spouse को किया जावे, जिसका पूर्ण विवरण पेंशनर के पेंशन के भुगतान आदेश के बैंक के भाग एवं पेंशनर के संयुक्त बैंक खाते में पहले से ही उपलब्ध है ।

अतः ऐसे प्रकरणों में पारिवारिक पेंशनर को पेंशन के भुगतान आदेश, पेंशनर का भाग प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं किया जावे । पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ किये जाने हेतु आवेदन पत्र वित्त विभाग के आदेश संख्या प.1(1) वित्त विभाग /जी एण्ड टी/2007 दिनांक 21.6.2012 (प्रति संलग्न है) के अन्तर्गत संशोधित पारिवारिक पेंशन के आवेदन पत्र के प्रपत्र में किया जावे । उक्त परिपत्र वित्त विभाग की बार कोड संख्या 2211013 दिनांक 22.62012 से प्राप्त सहमति के अनुसरण में जारी किया जाता है ।

संलग्न : प्रपत्र 1 (पीडी की प्रति)

भवदीय,

निदेशक

क्रमांक : प. 5 (254) निपेवि/नियम/05/1301-50 H दिनांक : 29-06-2012

प्रतिलिपि : निम्नांकित को पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. समस्त कोषाधिकारी ———————— (राज.)
2. महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक/सहायक महाप्रबन्धक ————————

   को अधीनस्थ शाखाओं को भिजवाने हेतु ।
3. अतिरिक्त निदेशक/संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय ———————— को इस विभाग के पूर्व परिपत्र क्रमांक 1920–1963–II दिनांक 29.11.2010 की छाया प्रति के साथ प्रेषित है ।

निदेशक

शैक्षिक समाचार राजस्थान

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
FINANCE DEPARTMENT
(G & T Division)

ORDER

No.F.1(1)FD/(G&T)/2007 Jaipur, dated : 21-1-2008

Subject:- Scheme for payment of pension of Rajasthan Government Civil Pensioners by the Public Sector Banks.

The Governor is pleased to order that the existing Annexure-V- Form Application for Family Pension - appended to the Scheme for payment of pension to Rajasthan Government Civil Pensioners by the Public Sector Banks issued vide order No. F 6(11)FD/R&A-I/76 dated 10.06.1977 shall be substituted by the following -

"ANNEXURE V

FORM OF APPLICATION FOR FAMILY PENSION

Application for a family pension for the family of late Shri/Smt ..... (Designation) ..... in the Office/Department of .....

1. Name of the applicant

2. Relationship to the deceased Government servant/pensioner

3. Date of death of Government servant/pensioner

4. Names and ages of surviving kindred of the deceased, if spouse is not alive.

	Name	Date of birth
Unmarried Sons		
daughters including widowed / divorced		

5. Name of Treasury/Sub-Treasury/ PSB branch at which payment is desired.

6. Signature of left-hand thumb impression (in the case of those are not literate enough to sign their names)

7. Date of birth of widow/widower/ guardian of the minor children of late .....

9. Full address of the applicant:

Date :

Signature of the applicant

By order of the Governor,

(Akhil Arora)
Secretary to the Government,
Finance (Budget)

(9)

राजस्थान सरकार
निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:- [illegible] 12359 - [illegible] , दिनांक 7/8/09

संयुक्त निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग,
कोटा / अजमेर / जोधपुर / उदयपुर / बीकानेर ।

विषय:- पी.पी.ओ. / एफ.पी.पी.ओ. में पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथी अंकित करने के संबंध में ।
प्रसंग:- राज्य सरकार का परिपत्र क्रमांक एफ.12(3)एफडी / रूल्स / 2008 दिनांक 30.6.2009

महोदय,

उपरोक्त विषय में संदर्भित ज्ञापन (प्रति पहले भेजी जा चुकी है) के संदर्भ में पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथी निर्धारित कर प्रविष्टि करने के संबंध में प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की जाती है ।

(क) निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त होने पर प्राप्तांक दर्ज कर संबंधित शाखा में भिजवाया जावेगा ।
(ख) संबंधित शाखा मांगपत्र भेजकर पत्रावली प्राप्त करेगी ।
(ग) पत्रावली में पारिवारिक पेंशनर(पति / पत्नी) की जन्म तिथी / आयु उपलब्ध होने पर ज्ञापन के पैरा 3 अनुसार जन्म तिथी निर्धारित की जावेगी ।
(घ) पेंशन विभाग की पत्रावली में जन्म तिथी एवं आयु की सूचना उपलब्ध न होने पर संबंधित कार्यालय जहाँ से पेंशन प्रकरण प्राप्त हुआ था, को सूचना भेजने हेतु प्रारूप "ख" मे पत्र लिखा जावेगा । सूचना प्राप्त होने पर ज्ञापन के पैरा 4 के अनुसार जन्म तिथी निर्धारित की जावेगी । एक माह में सूचना न आने पर मान जावेगा कि विभाग मे सूचना उपलब्ध नहीं है ।
(ङ) पेंशन विभाग व कर्मचारी के मूल विभाग में जन्म तिथी एवं आयु की सूचना उपलब्ध न होने पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर जन्म तिथी निर्धारित की जावेगी ।
(च) उपरोक्त (ग) (घ) अथवा (ङ) के अनुसार निर्धारित जन्म तिथी की सूचना कोषाधिकारी एवं आवेदक को प्रारूप 'क' मे दी जावेगी ।

किसी भी प्रलेख मे मात्र आयु उपलब्ध होने पर जन्म तिथी निम्नानुसार निर्धारित की जावेगी :-

(i) आयु वर्षों मे उपलब्ध होने पर प्रलेख तैयार होने के वर्ष में से आयु के वर्ष घटाकर संबंधित वर्ष की एक जुलाई जन्म तिथी निर्धारित की जावेगी । उदाहरण स्वरूप किसी कर्मचारी को सेवानिवृति के समय तैयार कुलक सन् 1992 में तैयार किया गया । कुलक में पत्नी की आयु 52 वर्ष अंकित है तो 1992-52 =सन् 1940 की एक जुलाई जन्म तिथी निर्धारित होगी ।
(ii) आयु यदि वर्ष व महिने दोनो में अंकित है तो प्रलेख तैयार करने के महिने में से वर्ष व माह दोनो घटाकर संबंधित माह की 15 तारीख जन्म तिथी निर्धारित की जावेगी । उदाहरणार्थ मई 2006 में तैयार राशन कार्ड में यदि पत्नी की आयु 78 वर्ष 6 माह अंकित है तो 2006-05 में से 78 वर्ष 6 माह घटाने पर सन् 1927 का नवम्बर माह जन्म माह आता है अतः नवम्बर 1927 की 15 तारीख का जन्म तिथी निर्धारित होगी ।
(छ) यह कार्य निम्न चरणों में किया जावेगा :-

प्रथम चरण	अगस्त 09 से अक्टूबर 2009	जो पारिवारिक पेंशनर 80 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके है तथा पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं ।
द्वितीय चरण	नवम्बर,2009 से मार्च,2010	शेष सभी पारिवारिक पेंशनर जो पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे है ।
तृतीय चरण	अप्रेल,2009 से निरन्तर	शेष सभी मामले

पेंशनर द्वारा आवेदन हेतु आवेदन का प्रारूप (संलग्न) पेंशन विभाग की वेबसाईट http.rajpension.nic.in पर उपलब्ध है । आवेदन प्राप्त होने पर उक्तानुसार प्रक्रिया अपनाकर पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथी अंकन के संबंध में कार्यवाई की जावे ।

निदेशक

प्रतिलिपि:- सहायक निदेशक पीआर ——— अनुभाग / सहायक लेखाधिकारी पीआर ——— कार्यालय हाजा ।

निदेशक

(10)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
FINANCE DEPARTMENT
(RULES DIVISION)

No.F.12(3)FD(Rules)/2008

Jaipur, dated : 30 JUN 2009

MEMORANDUM

Sub. :- Revision of pre-01.09.2006 State Pensioners / Family Pensioners etc. - grant of additional quantum of family pension to family pensioners of the age of 80 years and above.

State Government vide Finance Department Memorandum No. F.12(3)FD(Rules)/2008 dated 15.05.2008 have allowed additional quantum of family pension to the family pensioners who have attaineded/ attain the age of 80 years and above on or after 01.07.2007.

It has been brought to the notice of the Government that in the absence of age / date of birth of family pensioners in the Family Pension Payment Orders, it is not possible to authorise the additional amount of family pension to the family pensioners who have already crossed the age of 80 years and above and who may cross the age of 80 years in future.

As per the provisions contained in the Rajasthan Civil Services (Pension) Rules, 1996, each Government servant has furnished the details of family in his / her application for grant of pension. Similarly, in the case of death while in service, the concerned family pensioner has also furnished the details regarding date of birth / age. Accordingly, age / date of birth recorded in the Pension Application Form of the employee / family pensioner, may be treated as valid and be used for the purpose of grant of additional amount of family pension.

In case, the date of birth is not available, but the year, and month of birth is available on record, the 1st July or the 1st of the month, respectively may be treated as date of birth. Similarly, in cases where only approximate age is available on record, date of birth may be reckoned by deducting the number of years representing the age from the date of submission of details of family members and age may be determined.

In cases, where record of the pensioners / family pensioners has been destroyed by the Pension & Pensioners' Welfare Department after obtaining approval at the competent level, the age for the aforesaid purpose may be determined on the basis of following documents :-

(i) Date of birth of the spouse might have been mentioned in the service record of the employee or it is possible that record of the pensioner / family pensioner is available in the department where from he / she has retired / died while in service. Efforts may be made to obtain the proof of date of birth from the concerned Head of Office.

(ii) Where the family pensioner is educated, he / she may be asked to furnish the certificate of date of birth from the concerned School / Board, as the case may be.

D:data/rules/Jain/Order-23.doc

.....2

(iii) Documentary evidence viz. Family Pensioner's Medical Diary, Passpo PAN Card, Driving Licence, Voter Identity Card issued by the Elect Commission, Ration Card or any other legal documents issued before date of Memorandum i.e. 12.09.2008, may be obtained from the fam pensioners. If there is any variation in the date of birth / age in documents, younger date of birth may be used as date of birth fo aforesaid purpose. In such cases, the family pensioner will have to subm affidavit in support of his / her correct date of birth.

(iv) In the absence of any of the documents mentioned above, the determination of age / date of birth may be put up to the concerned Divisional Magistrate by the family pensioner for verification and date o may be admitted on that verification.

The date of birth determined / ascertained as stated above, conveyed by the Director, Pension & Pensioners' Welfare Department concerned Treasury Officer (Pension), who shall enter the date of birth o pensioners in the both halves of Family Pension Payment Orders and a additional amount of family pension as per rules.

In case of existing pensioners, the date of birth of his / her spou available in the pension file of the pensioner, the Director, Pension & Pens Welfare Department shall communicate the date of birth of the spouse Treasury Officer (Pension) for entries in both halves of the Pension Payment O of pensioners.

(Deepak Upret)
Secretary to the Governm

Copy forwarded to :-

1. All Additional Chief Secretaries / Principal Secretaries/Secretaries/Special Secret Government.
2. All Special Assistants / Private Secretaries to Ministers / State Ministers.
3. P.S. to Chief Secretary
4. Accountant General Rajasthan, Jaipur (200 copies)
5. All Heads of the Departments
6. Director, Treasuries & Accounts, Rajasthan, Jaipur with 100 spare copies for s Sub-Treasury Officers
7. Director, Pension & Pensioners' Welfare Department, Rajasthan, Jaipur.
8. Deputy Director (Statistics), Chief Ministers' Office.
9. All Treasury Officers
10. All Sections of the Secretariat.
11. Administrative Reforms (Gr.7) with 7 copies
12. Vidhi Rachana Sanghthan, for Hindi translation.
13. Analyst-cum-programmer, Finance Department

Copy also to the :-

1. Secretary, Rajasthan Legislative Assembly, Jaipur with 20 extra copies for Legislative Committees.
2. Registrar General, Rajasthan High Court, Jodhpur / Jaipur.
3. Secretary, Rajasthan Public Service Commission, Ajmer.
4. Secretary, Lokayukta Sachivalaya, Rajasthan, Jaipur.

(Aditya Paree
Deputy Secretary to the

(Pension -03 / 2009)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
FINANCE DEPARTMENT
(RULES DIVISION)

No. F. 12(3)FD(Rules)/2008 Jaipur, Dated : 29.09.2011

MEMORANDUM

Sub. : Revision of pre-01.09.2006 State Pensioners / Family Pensioners etc. - grant of additional family pension to family pensioners of the age of 80 years and above.

State Government vide Finance Department Memorandum No. F.12(3)FD(Rules)/2008 dated 12.09.2008 have allowed additional quantum of family pension to the family pensioners who have attained/attain the age of 80 years and above on or after 01.01.2007.

The procedure for determination of date of birth of the spouse of the pensioner / family pensioner was issued vide FD Memorandum No. F.12(3)FD(Rules)/2008 dated 30.06.2009.

In some case pensioners are requesting for change in the age/date of birth of the spouse of the pensioner/family pensioner as mentioned in the orginal pension application form on the basis of a documentary proof of date of birth.

The matter has been considered in light of these cases and in partial modification of FD Memorandum No. F.12(3)FD(Rules)/2008 dated 30.06.2009 it has been decided that the date of birth of sopuse of the pensioner/family pensioner may be revised / determined on the basis of date of birth mentioned in passport, certificate of secondary school or equivalent issued by Board, PAN card or Driving Licence. In other cases where it is not possible to submit the above certificate/ document, the date of birth of the spouse of the pensioner/family pensioner shall continue to be determined as per the provisions contained in the FD Memorandum dated 30.06.2009.

Any proof of date of birth issued on or after 12.09.2008 shall not be considered for this purpose.

(Sanjay Malhotra)
Secretary, Finance (Budget)

कार्यालय पेंशन एवं पेंशनर कल्याण विभाग
जयपुर - राज.
30 SEP 2011
1679
पत्र - प्राप्ति

(13)

Copy forwarded to -

1. Principal Secretary to H.E. Governor,
2. Principal Secretary to Hon'ble Chief Minister.
3. All Special Assistants / Private Secretaries to Ministers / State Ministers
4. All Additional Chief Secretaries/ Principal Secretaries/Secretaries/Special Secretaries to the Government.
5. D.S. to Chief Secretary.
6. Accountant General Rajasthan, Jaipur (200 copies)
7. All Heads of the Departments
8. Director, Treasuries & Accounts, Rajasthan, Jaipur with 100 spare copies for sending to all Sub-Treasury Officers
9. Director, Pension & Pensioners' Welfare Department, Rajasthan, Jaipur
10. Deputy Director (Statistics), Chief Ministers' Office
11. All Treasury Officers
12. All Sections of the Secretariat
13. Administrative Reforms (Gr.7) with 7 copies
14. Vidhi Rachana Sanghthan, for Hindi translation.
15. System Analyst, Finance Department (Computer Cell).

Copy also to the -

1. Secretary, Rajasthan Legislative Assembly, Jaipur with 20 extra copies Subordinate Legislative Committees.
2. Registrar General, Rajasthan High Court, Jodhpur / Jaipur
3. Secretary, Rajasthan Public Service Commission, Ajmer
4. Secretary, Lokayukta Sachivalaya, Rajasthan, Jaipur

(Aditya Parook)
Deputy Secretary to the Government

(Pension-11/2011)

राजस्थान सरकार

निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनरी कल्याण विभाग, जयपुर

क्रमांक: प.5(254) निदेशी/पेंशन/2011/पार्ट-I 1262-72H दिनांक: 11-10

मूल मेमोरेण्डम की छाया प्रति निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

(1) अति. निदेशक/संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनरी कल्याण विभाग श्री-कृष्ण-अजमेर/कोटा/जोधपुर/बीकानेर (सभी)

(2) सहायक निदेशक (समन्वय) मुख्यालय, जयपुर

संयुक्त निदेशक
पेंशन एवं पेंशनरी कल्याण विभाग
राजस्थान, जयपुर

(14)

निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः– एफ.5(254)निपेवि/नियम/पार्ट– /एकल पत्रावली 121-60 H दिनांक 19-01-2012

परिपत्र

विषयः– पी.पी.ओ./एफ.पी.पी.ओ. में पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथी अंकित करने के संबंध में।

राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक एफ.12(3) एफडी/रूल्स/2008 दि. 30.06.2009 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में इस विभाग के पत्र क्रमांक एफ.5(254)निपेवि/नियम/08/1359–76 एव दि. 07.08.09 द्वारा प्रकिया निर्धारित कर पेंशन विभाग के संबंधित अधिकारियों को, पेंशनर के पति/पत्नि की जन्मतिथि निर्धारित करने एवं संबंधित कोषाधिकारी को पेंशन भुगतान आदेश में प्रविष्टी करने हेतु अधिकृत किया गया था। राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक एफ.12(3) एफडी/रूल्स /2008 दि. 29.09.2011 द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों में संशोधन कर पेंशनर द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था के प्रमाणपत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/ पासपोर्ट/ पेनकार्ड की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने पर उसमें अंकित जन्मतिथि के आधार पर पेंशनर के पति/पत्नि की जन्मतिथि संशोधित/निर्धारित करने का प्रावधान किया गया हैं।

पेंशनर के पति/पत्नि की जन्मतिथि निर्धारित/संशोधित करने की प्रकिया को सुगम बनाने की दृष्टि से उपरोक्त साक्ष्यो के आधार पर संबंधित कोषाधिकारी जिसके माध्यम से पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर, पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा हैं, को पेंशनर के पति/पत्नि की जन्मतिथी निर्धारित/संशोधित कर पीपीओ की दोनो प्रतियो में अंकित करने हेतु अधिकृत किया जाता हैं। जन्मतिथि निर्धारण/संशोधन हेतु पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर अपना आवेदन पत्र उपरोक्त चार साक्ष्यों में से किसी एक साक्ष्य (जो दिनांक 12.09.2008 से पूर्व जारी हुआ हो) की प्रमाणित प्रति एवं पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के पीपीओ हॉफ के साथ संबंधित बैंक शाखा, जहां से पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त की जा रही थी/हैं, पर प्रस्तुत करेगा। संबंधित बैंक शाखा द्वारा मूल आवेदन पेंशनर की पत्रावली के साथ संबंधित कोषाधिकारी को भेजा जावेगा। कोषाधिकारी द्वारा उपरोक्त साक्ष्यों में से प्रस्तुत साक्ष्य की जांच कर पेंशनर की पत्नि/पति की नियमानुसार जन्मतिथि निर्धारित/संशोधित कर पेंशन भुगतान आदेश की दोनो पर्तो में अंकित की जावेगी। कोषाधिकारी द्वारा निर्धारित/संशोधित

जन्मतिथि की संबंधित अभिलेख में प्रविष्टी की जावेगी तथा पेंशन विभाग के संबंधित कार्यालय जहां से अंतिम अधिकृति जारी हुई है, को साक्ष्य की प्रमाणित प्रति के साथ अभिलेख हेतु सूचित किया जावेगा। इस कार्रवाई के पश्चात पेंशन पत्रावली संबंधित बैंक को वापस लौटा दी जावेगी। संबंधित बैंक द्वारा पेंशन भुगतान आदेश की पेंशनर की प्रति आवेदक को वापस लौटायी जायेगी।

उपरोक्त चार साक्ष्यों के अलावा अन्य साक्ष्य के आधार पर जन्म तिथि निर्धारित करने के संबंध में राज्य सरकार के परिपत्र दिनांक 30.06.2009 के प्रावधान एवं इस विभाग के परिपत्र कमांक एफ.5(254)निपेवि/नियम/08/1359–76 एच दिनांक 07.08.09 द्वारा निर्धारित प्रकिया यथावत रहेगी।

यह परिपत्र वित्त विभाग की अंतर विभागीय सहमति कमांक वि.शा.स. 131101067 दिनांक 16.12.2011 के अनुसरण में जारी किया जाता है।

निदेशक

कमांकः– एफ.5(254)निपेवि/नियम/पार्ट– /एकल पत्रावली 121-60 H दिनांक 19-01-2012

प्रतिलिपिः–

राज्य सरकार के आदेश संख्या, एफ.12(3) एफडी/रूल्स/2008 दिनांक 30.06.2009,
राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ.12(3) एफडी/रूल्स/2008 दिनांक 29.09.2011 एवं निदेशालय के पत्र कमांक प.5(254) निपेवि/नियम/08/1359–76 एच दिनांक 07.08.2009 की प्रति के साथ निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. महालेखाकार, लेखा एवं हक, राज. जयपुर
2. उप शासन सचिव, वित्त (नियम) विभाग
3. विशेषाधिकारी, वित्त (राजस्व) विभाग, राज. जयपुर
4. सहायक उप महा प्रबंधक .....को शाखा स्तर पर निर्देशित करने हेतु
5. जिला कोषाधिकारी.....(समस्त) राज0
6. अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण–विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर/कोटा/जोधपुर/उदयपुर एवं बीकानेर।
7. सहायक निदेशक, पीआर..... (समस्त) मुख्यालय राज., जयपुर।

निदेशक

राजस्थान सरकार
निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर

परिपत्र

क्रमांक :– प.5 (294) /निपेवि/नियम/2017/ 05-75 H दिनांक : 02/01/2018

विषयः– दिनांक 01.01.2016 से पूर्व सेवानिवृत/मृत राजस्थान राज्य के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन में संशोधन बाबत्।

संदर्भः– वित्त (नियम) विभाग, जयपुर के ज्ञापन कमांक एफ. 12 (6)/एफ.डी./रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017, दिनांक 05.12.2017 एवं समसंख्यक मेमोरेन्डम दिनांक 09.12.2017

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस विभाग के समसंख्यक पत्रांक 1511–80–एच दिनांक 08.11.2017 एवं 1991–2065–एच दिनांक 07.12.2017 की निरन्तरता में वित्त (नियम) विभाग ने अपने मेमोरेन्डम कमांक एफ. 12 (6)/एफ.डी./रूल्स/2017 दिनांक 09.12.2017 द्वारा रा.सि.से. (पेंशन) नियम, 1996 में संशोधन किये हैं, जिसके प्रमुख प्रावधान निम्नानुसार हैं :–

1. वित्त (नियम) विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 30.10.2017 में राजस्थान राज्य के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन में सातवे वेतन आयोग के अनुसार संशोधन का लाभ दिनांक 01.10.2017 से दिया गया था, जिसे संशोधित कर मेमोरेन्डम दिनांक 09.12.2017 द्वारा **पेंशन संशोधन का लाभ 01.01.2016** से दिया गया है।
2. दिनांक 01.01.2016 से 30.09.2017 के मध्य सेवानिवृत/मृत कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों का संशोधन सम्बन्धित विभाग से वेतन निर्धारण के पश्चात् प्राप्त होने पर पेंशन विभाग के स्तर से जारी पेंशन परिलाभों की संशोधित अधिकृति के आधार पर किया जायेगा। बैंक अपने स्तर से पेंशन/पारिवारिक पेंशन का संशोधन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि पेंशनर को पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान छठे वेतन आयोग के अनुसार किया जा रहा है अर्थात् पेंशनर को पेंशन/पारिवारिक पेंशन पर 31.12.2015 को देय मंहगाई राहत 119 प्रतिशत की दर से भुगतान किया जा रहा है।
3. दिनांक 01.01.2016 से 31.12.2016 तक की अवधि का पेंशन एरियर देय नहीं किया गया है।
4. दिनांक 01.01.2017 से 30.09.2017 तक के एरियर का भुगतान 3 किश्तो में 30 प्रतिशत, 30 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत के अनुपात में अगले वर्ष कमशः दिनांक 01.04.2018, 01.07.2018 एवं 01.10.2018 को किया जायेगा लेकिन किसी पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु के मामले में पेंशन एरियर की पूरी राशि का भुगतान नकद में किया जावेगा।
5. न्यूनतम पेंशन/पारिवारिक पेंशन रूपये 8850/– प्रति माह की गई है एवं दिनांक 01.01.2017 से इसे देय किया गया है तथा 01.01.2017 से 30.09.2017 तक के एरियर का भुगतान तीन किश्तों में बिन्दु संख्या 4 में वर्णित दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाना है।

अतः आप से अनुरोध है कि इस विभाग के पत्रांक 1511–80–एच दिनांक 08.11.2017 एवं 1991–2065–एच दिनांक 07.12.2017 के साथ–साथ वित्त (नियम) विभाग के मेमोरेन्डम दिनांक 09.12.2017 में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित कर समुचित कार्यवाही सम्पादित करें।

संलग्न :– वित्त (नियम) विभाग की अधिसूचना एवं मेमोरेन्डम दिनांक 09.12.2017

भवदीय,

(परमेश्वरी चौधरी)
निदेशक

क्रमांक :– प.5 (294) /निपेवि/नियम/2017/ 05-75-H दिनांक : 02/01/2018

निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. मुख्य प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), एस.बी.आई. तिलक मार्ग, जयपुर।
2. महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, 13, बडौदा भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पाँचवी मंजिल, एयरपोर्ट प्लाजा, टोंक रोड़, दुर्गापूरा, जयपुर।
3. सहायक उप महाप्रबन्धक, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, आनन्द भवन, संसारचन्द्र रोड़, जयपुर।
4. उप महाप्रबन्धक, यू.को.बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, आर्केड इन्टरनेशनल, अजमेर रोड़, जयपुर।
5. उप महाप्रबन्धक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, किसान भवन, लाल कोठी, सब्जी मण्डी, जयपुर।
6. सहायक महाप्रबन्धक, इलाहाबाद बैंक, एलआईसी बिल्डिंग, जीवन निधि भवन, अम्बेडकर सर्किल, भवानी सिंह रोड़ जयपुर।
7. सर्किल मैनेजर (फील्ड महाप्रबन्धक), पंजाब नेशनल बैंक 2, नेहरू पैलेस, टोंक रोड़, जयपुर।
8. क्षेत्रीय प्रबन्धक (उप महाप्रबन्धक), ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, आनन्द भवन, द्वितीय तल, संसारचन्द्र रोड़, जयपुर।
9. जोनल मैनेजर, बैंक ऑफ इण्डिया, बी–4 सेक्टर-2, जवाहर नगर, जयपुर (व्हाइट हाउस के पास)
10. मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 6 वां तल, फॉर्च्यून हाइट्स, सी–94, मुख्य सुभाष मार्ग, अहिंसा सर्किल, सी–स्कीम जयपुर।
11. उपमहाप्रबंधक (बैंकिग एण्ड ऑपरेशन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिस–I) एसबीआई, नेहरू पैलेस टोंक रोड़ जयपुर।
12. सहायक महाप्रबंधक, (CPPC), SBI, एसएमएस हाईवे, चौडा रास्ता जयपुर।
13. महालेखाकार (लेखा एवं हक), राजस्थान, जयपुर।
14. समस्त कोषाधिकारी, ...(राजस्थान).....
15. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (नियम) विभाग, राज. जयपुर को उनके ज्ञापन एफ (12) एफ. डी/रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017 एवं 05.12.2017, 09-12-2017 के कम में
16. निदेशक, कोष एवं लेखा, राज. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त कोषाधिकारियो/उप कोषाधिकारियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावें।
17. अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग क्षे. का. .....(राज.)
18. उप निदेशक/एसीपी अनुभाग, कार्यालय हाजा, को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु !
19. संयुक्त /सहा./उपनिदेशक, समस्त अनुभाग.....कार्यालय हाजा।
20. निजी सचिव/निजी सहायक कार्यालय हाजा।
21. विशेषाधिकारी, कार्यालय हाजा।

संलग्न :– वित्त (नियम) विभाग का मेमोरेन्डम एवं अधिसूचना दिनांक 09.12.2017

निदेशक

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
FINANCE DEPARTMENT
(RULES DIVISION)

MEMORANDUM

No. F. 12(6) FD/Rules/2017 Jaipur, dated: 09.12.2017

Subject:- Revision of Pension of pre-01.01.2016 State Pensioners/ Family Pensioners.

The Governor is pleased to order that the following amendments shall be made in FD Memorandum No. F.12 (6) FD/ Rules/ 2017 dated 30th October, 2017 and as amended by FD Memorandum even number dated 05.12.2017 :-

(i) The existing figures "01.10.2017" shall be substituted by figures "01.01.2016"

(ii) The existing figures "30.09.2017" shall be substituted by figures "31.12.2015"

(iii) The following new para 15 and 16 shall be inserted:-

"**15. Non-accrual of Arrears.**- Notwithstanding anything contained in these rules, no arrear of Pension and Dearness Relief thereon, shall accrue to a pensioner/family pensioner, between 01.01.2016 to 31.12.2016 (both days inclusive), for the period upto 31.12.2016.

"**16. Payment of Arrear.-** The arrear to the pensioner/family pensioner for the period from 01.01.2017 to 30.09.2017 shall be payable in three instalments in the ratio of 30, 30 and 40. The first, second and third instalment shall be payable on or after 01.04.2018, 01.07.2018 and 01.10.2018 respectively."

Provided that in case of death of pensioner/ family pensioner, as the case may be, the entire amount of arrear shall be paid in cash during the current financial year 2017-18.

By order of the Governor,

Manju Rajpal

(Manju Rajpal)
Secretary to the Government
Finance (Budget)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
FINANCE DEPARTMENT
(RULES DIVISION)

NOTIFICATION

No. F. 12(6)FD(Rules)/2017 Jaipur, dated : 09.12.2017

Subject: Amendments in the Rajasthan Civil Services (Pension) Rules, 1996.

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Rajasthan hereby makes the following rules further to amend the Rajasthan Civil Services (Pension) Rules, 1996, namely:

1. These rules may be called the Rajasthan Civil Services (Pension) (Third Amendment) Rules, 2017.

(ii) मार्च देय अप्रेल, 2012 के वेतन से राजकीय सह अंशदान हेतु आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पृथक से बिल नहीं बनाया जायेगा। नवीन अंशदायी पेंशन योजना के कर्मचारियों के लिये राजकीय अंशदान एक मुश्त आहरित किये जाने के लिये राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग को अधिकृत किया गया है। (प. 4(12) वित्त/राजस्व/04 पार्ट II दिनांक 15.3.2012)

(iii) अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों का एनपीएस में निजी अंशदान निम्न बजट मद में जमा किया जायेगा-8342 अन्य जमा 117-सरकारी कर्मचारियों के लिये निर्धारित पेंशन योजना (01)-अखिल भारतीय सेवा के लिये अनिवार्य टीयर-1

(iv) स्वयत्तशाषी संस्थाओं में पदस्थापित होने पर नियोक्त का अंशदान संबंधित संस्थाओं द्वारा ही देय होगा। आ.दि. 26.2.2012

(v) समस्त राजकीय उपक्रम स्वायत्तशासी संस्थाओं/विश्वविद्यालयों जिनके कर्मचारियों पर नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू है। वे नियमित अंशदान की राशि प्रतिमाह ट्रस्टी बैंक (बैंक ऑफ इण्डिया) को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। आ.दि. 29.5.2012

9. नवीन पेंशन योजना में नियुक्त कार्मिकों की मृत्यु/अशक्तता होने पर प्रोवीजनल/पारिवारिक पेंशन स्वीकृत होगी आ.दि. 9.6.15 (ले.वि. 7/15 पृष्ठ 10)

10. अखिल भारतीयसेवा के अधिकारियों का नियोक्ता का पेंशन अंशदान 14 प्रतिशत होगा। आ.दि. 30.8.19 ले.वि. 10/19 पृष्ठ 13

पेंशनरों की पुर्ननियुक्ति पर वेतन निर्धारण व अन्य परिलाभों की देयता

F. 12 (6)FD/Rules/2009(Pension 07/2014)
dated : 22.9.14

1. These rules may be called the Rajasthan Civil Services (Pension) (Amendment) Rules, 2014.

2. These rules shall come into force with immediate effect.

3. In the aforesaid rules -

(i) Below existing Rule 151, the following 'Government of Rajasthan's Decision' shall be inserted, namely :-

"Government of Rajasthan's Decision

In the following cases re-employment shall be made after prior approval of Department of Personnel and Finance Department.-

1. Re-employment of retired officers and employees in regulatory Commission/Administrative and other Tribunals etc.

2. Re-employment of retired officers and employees as senior personal staff of the Ministers coterminus to the tenure of Ministers.

3. Re-employment of ex-servicemen as Secretary, District Soldiers Board or other who held post not below the rank of Commissioned officers in the Defence Forces.

4. Re-employment of retired Judge, as Judge District, Consumer Forum or in other semi judicial /judicial forums.

5. Re-employment of retired officers in the Enquiry Commission coterminus with the period of Commission.

6. Re-employment of retired persons as Chairman and Member of the Commission constituted under Law.

7. Re-employment of retired officers with exceptional abilities and skills needed for specific assignments.

8. Employment of retired persons of more than 65 years of age in exceptional cases.

(ii) The existing clause (b) of Rule 152 shall be substituted by the following :-

(b) Pay on re-employment of a pensioner shall be fixed on the basis of pay last drawn (sum of pay in running pay band and grade pay) by him at the time of retirement minus the pension.

(ii) The existing clause (d) of Rule 152 shall be deleted.

(iv) The existing Rule 153 shall be deleted.

(v) The existing Rule 155 shall be deleted.

(vi) The existing Rule 156 shall be substituted by the following, namely :-

156 (1) The drawal of DA, other allowances and facilities, if allowed shall be admissible on the net pay fixed under Rule 152 on re-employment under Rule 151.

(2) Following allowances and facilities in appropriate cases shall be allowed to persons re-employed under Rule 151 after specific approval of Finance Department on case to case basis :-

1. House Rent Allowance

2. Telephone Facility - 50% of facility allowed to officers of equivalent rank

3. Transport Facility

4. Medical Facility - only in cases where Medical facility to retired employee is not available under Rajasthan Pensioners Medical Scheme /under CGHS.

Government of Rajasthan's Decision

Following allowance and facility shalt not be admissible during the period of reemployment:-

1. City Compensatory Allowance

2. Facility of News paper and Magazine"

(vii) The existing Rule 158 shall be substituted by the following, namely .-

"Rule 158 - Leave and leave salary

in the case of persons re-employed after retirement, the provisions contained in the Rajasthan Service Rules regarding leave and leave salary shall apply except the following:-

1. Encashment of balance of PL during the period of re-employment

2. Encashment of balance of PL on expiry of re-employment

3. Medical Leave"

अन्य परिपत्र

1. पुनः नियुक्ति पर मकान किराया भत्ता देय नहीं आ.दि. 22.9.14 ले.वि. 10/14 पृष्ठ 5

2. पुनः नियुक्ति पद क्षतिपूर्ति भत्ता देय नहीं आ.दि. 22.9.14 ले.वि. 10/14 पृष्ठ 5

3. पुनः नियुक्ति व संविदा नियुक्ति पर अवकाश का प्रावधान समाप्त आ.दि. 22.9.14 ले.वि. 10/14 पृष्ठ 5

4. सेवानिवृत्ति के पश्चात पुर्ननियुति हेतु केबिनेट के स्थान पर कार्मिक तथा वित्त एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदया का अनुमोदन आवश्यक होगा कार्मिक विभाग का आ.दि. 31.3.15 (ले.वि. 5/15 पृष्ठ 19)

5. पुनर्नियुक्ति/नियुक्ति होने पर भी पेंशन पर महंगाई राहत देय होगी। आ.दि. 27.6.18 ले.वि. 7/18 पृष्ठ 1

6. पे-माइन्स पेंशन पर पुर्ननियुक्त कार्मिकों को अन्य पद का कार्य नहीं दिया जावे। कार्मिक विभाग का आ.दि. 10.1.19 ले.वि. 2/2019 पृष्ठ 15

वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन योजनाओं के नये दिशा-निर्देश

वृद्धावस्था

1. 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर को 750 रु. प्रतिमाह
   75 वर्ष व अधिक आयु के पेंशनर को 1000 रु. प्रतिमाह

विधवा परित्यक्ता एवं तलाकशुदा पेंशन

1. 18 वर्ष या अधिक किन्तु 60 वर्ष से कम आयु की विधवा परित्यक्ता एवं तलाकशुदा पेंशनर को 500 रु. प्रतिमाह
2. 60 वर्ष या अधिक किन्तु 75 वर्ष से कम की विधवा परित्यक्ता एवं तलाकशुदा पेंशनर को 1000 प्रतिमाह
3. 75 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की विधवा परित्यकता एवं तलाकशुदा पेंशनर को 1500 रु. प्रतिमाह

आ.दि. एफ 9(5)(12-1) सासुचे, नियम/सा.न्या.अ.वि./2013-14/13476 दि. 20.1.19 ले.वि. 2/19 पृष्ठ 35

विशेष योग्यजन पेंशन

1. अन्य विकलांगता 750 प्रतिमाह
2. कुष्ठ रोग युक्त विशेषयोग्यजन (40% विकलांग होनी चाहिए) 1500 प्रतिमाह

आ.दि. एफ 9(5)(12-1) सासुचे, नियम/2013-14/1057

26.4.18 (ले.वि. जुलाई 2018 पृष्ठ 29)

विशेष योग्यजन पेंशन हेतु पात्रता

1. 40 प्रतिशत या अधिक विकलांगता।
2. राजस्थान का मूल निवासी।
3. समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रु. 60000 तक हो।
4. केन्द्रीय बीपीएल/राज्य बीपीएल/अन्त्योदय परिवार/आस्था कार्डधारी परिवार का सदस्य हो।
5. प्राकृतिक रूप से बौनापन (वयस्क व्यक्ति के मामले में ऊंचाई 3 फीट 6 इंच से कम) हो।
6. पति/पत्नी या पुत्र राजकीय सेवा में नहीं हों

वृद्धावस्था पेंशन हेतु पात्रता

1. 55 वर्ष से अधिक आयु की महिला व 58 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष।
2. राजस्थान का मूल निवासी हो।
3. सभी स्रोतों से आय 48000/- वार्षिक से अधिक न हो।
4. पति/पत्नी या पुत्र राजकीय सेवा में नहीं हो।
5. केन्द्रीय बीपीएल/राज्य बीपीएल/अन्त्योदय परिवार/ आस्था कार्डधारी परिवार का सदस्य हो।

विधवा परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिला को पेंशन हेतु पात्रता

1. 18 वर्ष या अधिक आयु की विधवार/परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिला जो राजस्थान की मूल निवासी हो।
2. केन्द्रीय बीपीएल/ राज्य बीपीएल/ अन्त्योदय परिवार/आस्था कार्डधारी परिवार की सदस्य हो।
3. एच.आई.वी./एड्स पॉजिटिव हो तथा राजस्थान राज्य एड्स कन्ट्रोल सोसायटी में पंजीकृत हो।
4. जिसके जीवन निर्वाह हेतु स्वयं की नियमित आय का कोई स्रोत नहीं हो एवं समस्त स्रोतों से कुल वार्षिक आय रु. 48000 से अधिक ना हो।
5. ग्रामीण क्षेत्र में परित्यक्ता हेतु ग्राम सचिव एवं पटवारी की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा जारी परित्यक्ता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. शहरी क्षेत्र की परित्यक्ता हेतु स्थानीय नगर निकाय के अधिशापी अधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी या उसके प्रतिनिधि (जोन आयुक्त) एवं वार्ड पार्षद तथा पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा जारी परित्यक्ता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

मुख्यमंत्री असहाय पुनर्वास योजना हेतु पात्रता

1. प्रार्थी जिले का निवासी हो
2. बेसहारा एवं अत्यन्त दयनीय स्थिति में रहने वाली महिला व पुरुष जिसकी देखभाल करने वाला कोई न हो।
3. परित्यक्ता माता-पिता
4. सन्तानहीन, पूर्णत: निराश्रित, दीनहीन

देय लाभ

8 वर्ष तक आयु के लिए- 250/-
8 वर्ष से 18 वर्ष के लिए- 500/-
18 वर्ष से अधिक के व्यक्ति के लिए-750/-

अन्य देय लाभ

- योजनान्तर्गत ऐसे महिला एवं पुरुषों को अधिकतम एक बार रु. 2000 तक की आर्थिक सहायता
- जो व्यक्ति पेंशन योजनान्तर्गत कवर नहीं होते हैं उन व्यक्तियों (वृद्ध महिला एवं पुरुष) को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित तथा राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा अनुदानित डे-केयर सेन्टर/वृद्धाश्रमों में प्रवेश की सुविधा।
- ऐसे निराश्रित व्यक्ति यदि वृद्धावस्था/विधवा/विकलांग पेंशन नियमों के अन्तर्गत पा9ता रखते हैं तो. उन्हें संबंधित योजना में पेंशन की स्वीकृति चिन्हित करने के एक माह के अन्दर जारी की जावेगी।

जांच अधिकारी

- ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार जांच अधिकारी होंगे।
- शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित नगर निकाय में पदस्थापित मुख्य कार्यकारी अधिकारी/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी जाँच अधिकारी होंगे।

स्वीकृति कर्ता अधिकारी

- ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विकास अधिकारी।
- शहरी क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी।

REDMI NOTE 6 PRO MI DUAL CAMERA

मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना (बेरोजगारी भत्ता)

पुरुष/ प्रार्थी *3000 रु. प्रतिमाह

महिला एवं विशेष योग्यजन (नि:शक्तजन) *3500 रु. प्रतिमाह

पात्रता (1) राजस्थान का मूल निवासी

(2) स्नातक होना चाहिए

(3) सेवारत/स्वरोजगार नहीं होना चाहिए

(4) आयु सीमा 30 वर्ष एससी/एसटी/विकलांग महिला 35 वर्ष

(5) 2 वर्ष की अधिकतम अवधि हेतु (* आ.दि. 3.2.19 ले.वि. 3/19 पृष्ठ36 एवं 11.8.19 ले.वि. 7/19 पृष्ठ 27)

स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान पेंशन तथा चिकित्सा सहायता

	20.2.19 से
सम्मान पेंशन	25000 प्रतिमाह
चिकित्सा सहायता	5000 प्रतिमाह

आ.दि. प. 4(4) सा.प्र./6/08 दि. 20.2.19 (ले.वि. 4/19 पृष्ठ 1)

(1) स्वतंत्रता सेनानी व उनकी विधवाओं के साथ एक संरक्षक को निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा आ.दि. 8.1.14 (ले.वि. फरवरी 14 पृष्ठ 28)

(2) गलेण्ट्री अवार्ड से सम्मानित व्यक्तियों को निगम की सभी श्रेणियों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा आ.दि. 8.1.14 ले.वि. फरवरी 14 पृष्ठ 28

लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन नियम 2019

75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर- 750 रुपए प्रतिमाह

75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर 1000/- रुपए प्रतिमाह

आ.दि. एफ 9(05)(12-/सासुपे/नियम सा.न्या.अवि/2014-15/14385 दि. 23.2.19ले.वि. 3/19पृष्ठ 13)

मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता स्वीकृत करने के नियम व निर्देश

गम्भीर रोगों के उपचार हेतु सहायता

राजस्थान राज्य के नॉन बीपीएल रोगियों जिनके परिवार की वार्षिक आय रु. 1.00 लाख (दिनांक 01.04.2013 से प्रभावी) तक है,को प्रमुख सरकारी एवं मुख्यमंत्री सहायता कोष से मान्यता प्राप्त चिकित्सालयें में हृदय रोग, गुर्दा रोग/प्रत्यारोपण,कैंसर, इत्यादि गम्भीर रोगों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की तिथि से सहायता स्वीकृत की जाती है। आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न होना आवश्यक है:-

- रोगी अथवा मुखिया का सहायता स्वीकृति हेतु साधारण कागज पर प्रार्थना पत्र। प्रपत्र-1
- सरकारी/मान्यता प्राप्त चिकत्सालय से सम्भावित चिकित्सा व्यय पत्र। प्रपत्र-2
- राजस्व विभाग के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में परिवार की आय का मूल उद्घोषण पत्र। प्रपत्र-3 या
- तहसीलदार के द्वारा जारी परिवार की वार्षिक आय का मूल अथवा सत्यापित प्रमाण पत्र (उपरोक्त दोनों में से कोई भी एक)
- परिवार की वार्षिक आय की घोषणा का शपथपत्र नोटेरी पब्लिक से प्रमाणित, राशि रु. 10 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर। प्रपत्र-4
- राशन कार्ड की प्रति।
  (रोगी का नाम राशन कार्ड में अंकित नहीं होने की स्थिति में पृथक से शपथ पत्र संलग्न करें)

उपरोक्तानुसार पूर्ण आवेदन पत्र मुख्यमंत्री सहायता कोष में प्राप्त होने पर निम्न प्रक्रिया अनुसार सवाई मानसिंह चिकित्सालय की दरों के आधार पर सहायता स्वीकृत कर संबंधित चिकित्सालय को भिजवा दी जाती है एवं स्वीकृति की प्रतिरोगी/संबंधित को पृष्ठांकित की जाती है:-

- राज्य के प्रमुख सरकारी/मुख्यमंत्री सहायता कोष से मान्यता प्राप्त चिकत्सालयों में सहायता स्वीकृत की जाती है। प्रपत्र-5
- संभावित चिकित्सा व्यय पत्र का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम सहायता रु. 1.00 लाख (दिनांक 01.04.2013 से प्रभावी) जो भी दोनों में से कम हो सहायता स्वीकृत कर सम्बन्धित चिकित्सालय को भिजवा दी जाती है।
- हृदय के एक वाल्व परिवर्तन हेतु अधिकतम सहायता राशि रु. 40,000
- हृदय के दो वाल्व परिवर्तन हेतु अधिकतम सहायता राशि रु. 60,000
- गुर्दा रोग/प्रत्यारोपण, हृदय, कैंसर एवं अन्य गभीर रोगों के उपचार हेतु अधिकतम सहायता की सीमा रु. 1.00 लाख है। आवर्तक सहायता देय नहीं है।
- गुर्दा प्रत्यारोहण हेतु सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर के संभावित चिकित्सा व्यय पत्र का शत-प्रतिशत या अधिकतम सहायता राशि रु. 1.00 लाख जो भी दोनों में से कम हो।
- मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहायता हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने की दिनांक से सहायता स्वीकृत की जाती है।
- चिकित्सालय में भर्ती रहते हुए यदि सहायता हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाता है। तत्पश्चात् भर्ती दिनांक से सहायता स्वीकृत किये जाने हेतु निवेदन किये जाने पर भर्ती दिनांक से सहायता स्वीकृत की जाती है।
- रोगोपचार पूर्ण होने/ डिस्चार्ज होने के पश्चात् आवेदन प्राप्त होने पर सहायता स्वीकृत नहीं की जाती है।
- मुख्यमंत्री सहायता कोष से रोगोपचार हेतु जारी की जा रही स्वीकृतियों की प्रति संबंधित रोगी के अतिरिक्त संबंधित जिला कलक्टर, तहसीलदार/संबंधित दो गवाहों को पृष्ठांकित की जाती है।

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

- रोगी के भर्ती रहते हुए आवेदन करने एवं अल्प अवधि में डिस्चार्ज होने के पश्चात् स्वीकृत की गयी सहायता राशि संबंधित चिकित्सालय द्वारा लौटा दिये जाने की स्थिति में संबंधित जिला कलक्टर के माध्यम से सहायता राशि का भुगतान कराया जाता है।
- मुख्यमंत्री सहायता कोष से दी जा रही समस्त प्रकार की स्वीकृतियों की जानकारी ऑनलाईन सॉफ्टवेयर www.cmrelief.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
- माननीय मुख्यमत्री जी के आदेशानुसार किसी भी चिकित्सालय में राशि रु. 1.00 लाख से अधिक राशि की सहायता भी स्वीकृत की जा सकती है।

मुख्यमंत्री सहायता कोष से उपरोक्तानुसार केवल हृदय रोगोपचार हेतु सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में स्वीकृत की गयी सहायता राशि के अतिरिक्त नाथद्वारा मंदिर मण्डल ट्रस्ट, सांवलिया जी मंदिर मण्डल ट्रस्ट, राजस्थान माइन्स एण्ड मिनरल कॉर्पोरेशन तथा देवस्थान विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान स्वरूप दी गयी राशि में से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की अनुशंषा के आधार पर अधिकतम रु. 20,000 तक की सहायता स्वीकृत की जाती है।

सहायता स्वीकृत करने के पश्चात् राशि का उपयोग नहीं होने की स्थिति में पूर्ण राशि एवं उपयोग पश्चात् अवशेष राशि को चिकित्सालय से वापस मंगवा लिया जाता है।

सामान्य सहायता

मुख्यमंत्री सहायता कोष से रोगोपचार एवं दुर्घटना सहायता के अतिरिक्त शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रतिभा के विकास, खेलकूद आयोजन, युवा शक्ति के रचनात्मक कार्य, घृणित/जघन्य अपराध पीड़ितों एवं अन्य विविध प्रयोजनों हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार सहायता दी जाती है।

राजस्थान राज्य के बीपीएल/नॉन बीपीएल रोगियों जिनके परिवार की वार्षिक आय रु. 1.00 लाख तक है, को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु शत-प्रतिशत सहायता सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में दी जा रही है।

शहीद सैनिक परिवारों/विकलांग सैनिकों को सहायता

दिनांक 1.04.1999 से कारगिल युद्ध एवं अन्य ऑपरेशनों में शहीद सैनिक के परिजनों/विकलांग सैनिकों को कारगिल पैकेज के अनुसार निम्न प्रकार सहायता स्वीकृत की जा रही है:-

1.	शहीद की पत्नी को तत्काल सहायता	1.00 लाख
2.	25 बीघा जमीन/आवासन मण्डल का मकान नहीं लेने पर शहीद के आश्रित को	4.00 लाख
3.	शहीद के माता-पिता को पोस्ट ऑफिस मासिक आय योजना में जमा	1.50 लाख
4.	युद्ध में स्थाई रूप से विकलांग सैनिक को तत्काल सहायता	0.25 लाख
5.	स्थाई रूप से विकलांग सैनिक को 25 बीघा जमीन नहीं लेने के एवज में	4.00 लाख

सैन्य महाविद्यालय, देहरादूर में अध्ययनरत राज्य के छात्रों को छात्रवृत्ति

मुख्यमंत्री सहायता कोश से सैन्य महाविद्यालय, देहरादूर में अध्ययनरत राज्य के छात्रों को प्रति छात्र रु. 9,300 की दर से छात्रवृत्ति दी जा रही है।

सामान्य भत्ता

मुख्यमंत्री सहायता कोष से कारगिल युद्ध से पूर्व के अन्य युद्धों में शहीद सैनिकों की विधवाओं/अविवाहित शहीद सैनिकों के माता-पिता को रु. 900 की दर से सम्मान भत्ता दिया जाता है।

प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल होने पर सहायता

मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना में मृत्यु/घायल होने पर तत्काल सहायता देने हेतु जिला कलक्टरों को रिवाल्विंग फण्ड उपलब्ध कराया हुआ है, जिससे सहायता के भुगतान पश्चात् मुख्यमंत्री सहायता कोष से पुनर्भरण किया जाता है। दुर्घटना में मृतक के आश्रित एवं घायल को निम्न प्रकार सहायता स्वीकृत की जाती है:-

- दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को राशि रु. 50,000
- दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर राशि रु. 10,000
- दुर्घटना में साधारण घायल होने पर राशि रु. 500 से रु. 2,500 तक।

नोट :- अगर परिवार सक्षम है तो सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक नहीं है।

हत्या के प्रकरणों में सहायता

सामान्यत: हत्या के प्रकरणों में सहायता नहीं दी जाती है, विशेष प्रकरणों में ही सहायता स्वीकृत की जाती है:-

1. परिवार के कमाऊ सदस्य ही हत्या होने पर।
2. परिवार की वार्षिक आय राशि रु. 24,000 से कम हो।
3. हत्या के मामले में हरिजन अत्याचार के अन्तर्गत परिवार को सहायता मिल रही है तो मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता देय नहीं है।
4. जिला कलक्टर के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि रु. 10,000 तक की सहायता स्वीकृत की जाती है।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार अपवादस्वरूप किसी भी सीमा तक सहायता स्वीकृत की जा सकती है।

मुख्यमंत्री सहायता कोष मान्यता प्राप्त चिकत्सालयों की सूची

क्र.सं.	चिकित्सालयों के नाम
1.	बेस चिकित्सालय, दिल्ली
2.	भारत विकास परिषद चिकित्सालय, कोटा
3.	बोम्बे हॉस्पिटल, मुम्बई
4.	चौइथराम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, इन्दौर
5.	क्रिस्चियन मेडिकल कॉलेज, वैल्लोर
6.	एस्कार्टस हार्ट इन्सटिट्यूट एण्ड रिसर्च सेन्टर, नई दिल्ली
7.	जी.बी. पंथ चिकित्सालय, नई दिल्ली
8.	इन्द्रप्रस्थ अपोलो चिकित्सालय, नई दिल्ली

REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA
2020/2/19 12:14

राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–2) विभाग

क्रमांक प.5(51)कार्मिक/क–2/88 पार्ट जयपुर, दिनांक : 31 MAY 2016

1. समस्त अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव
2. समस्त विभागाध्यक्ष/संभागीय आयुक्त (जिला कलक्टर्स सहित)

परिपत्र

राज्य में वर्तमान में राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 प्रचलित है। इन नियमों के नियम–2(ग) में आश्रित की परिभाषा निम्नानुसार है :–

> "आश्रित" से पति या पत्नी, पुत्र, अविवाहित या विधवा पुत्री, मृत सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने जीवन काल के दौरान वैधरूप से ग्रहीत दत्तक पुत्र/अविवाहित दत्तक पुत्री अभिप्रेत है जो मृत सरकारी कर्मचारी पर, उसकी मृत्यु के समय पूर्णतया आश्रित थे"

इन्हीं नियमों के नियम–5 (यथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 08.04.2015) में निम्नानुसार प्रावधान है :–

> "यदि किसी सरकारी कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसके किसी एक आश्रित की इस शर्त के अध्यधीन सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकेगा कि इन नियमों के अधीन नियोजन उन मामलों में अनुज्ञेय नहीं होगा जहां पति या पत्नी या कोई एक पुत्र, अविवाहित पुत्री, दत्तक पुत्र/पुत्री केन्द्र या राज्य सरकार के कानूनी बोर्ड, संगठन/निगम जो पूर्णतः या भागतः केन्द्र/राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में हों, के अधीन सरकारी कर्मचारी की मृत्यु एवं आश्रित की नियुक्ति के समय नियमित आधार पर पहले से ही नियोजित हो, परन्तु यह शर्त वहां लागू नहीं होगी जहां विधवा स्वयं के लिए नियोजन प्राप्त करती है।"

राज्य सरकार के समक्ष ऐसे प्रकरण मार्गदर्शन हेतु प्राप्त हुए हैं, जिसमें मृतक कर्मचारी के ऐसे आश्रित पुत्र द्वारा अनुकम्पात्मक नियुक्ति चाही जा रही है, जिसकी पत्नी पहले से ही नियोजित (नियम–5 में यथा परिभाषित) है। ऐसे में यह विचारणीय बिन्दु है कि क्या ऐसे पुत्र को नियम–2(ग) के तहत राज्य कर्मचारी की मृत्यु के समय उस पर पूर्णतः आश्रित माना जावे ?

इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि मृतक कर्मचारी का ऐसा पुत्र, जिसकी पत्नी/पुत्र/अविवाहित पुत्री पूर्व से ही (नियम–5 में यथा परिभाषित) नियोजित है, को मृतक कर्मचारी पर पूर्णतया आश्रित न होने के कारण, नियम–2(ग) के तहत आश्रित की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। फलतः ऐसे पुत्र को अनुकम्पात्मक नियुक्ति देय नहीं होगी।

अतः सभी नियुक्ति प्राधिकारियों से अपेक्षित है कि भविष्य में उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए ही अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्रकरणों का निस्तारण किया जावे।

(आलोक गुप्ता)
शासन सचिव

18/2016

क्र.प.उ.....

राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–2) विभाग

क्रमांक.प. 3(1)कार्मिक/क–2/2013 जयपुर, दिनांक 2.6.2020

1. समस्त अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव
2. समस्त विभागाध्यक्ष, सम्भागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर्स सहित।

परिपत्र

विषयः–राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत नियुक्त कर्मचारी के स्थाईकरण, परिवीक्षाकाल, वरिष्ठता एवं पदोन्नति के संबंध में।

किसी राजकीय कर्मचारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उसके आश्रित को राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत उसकी योग्यता एवं पात्रता के अनुसार किसी पद पर संबंधित सेवा नियमों में विहित प्रावधानानुसार नियुक्ति प्रदान करने का प्रावधान है।

उक्त नियम, 1996 के अन्तर्गत नियुक्त कर्मचारी के स्थाईकरण, परिवीक्षाकाल एवं वार्षिक वेतन वृद्धि के संबंध में स्पष्ट प्रावधान है किन्तु इनकी नियमित नियुक्ति कब से मानी जावे इसका प्रावधान न तो उक्त नियम में है और न ही संबंधित सेवा नियमो में है, जिनके अन्तर्गत इनकी नियुक्ति की जाती है। इसी प्रकार वरिष्ठता एवं पदोन्नति के संबंध में भी इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। अतः कतिपय विभागाध्यक्षो एवं नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा मृतक आश्रित कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति, स्थाईकरण, वरिष्ठता एवं पदोन्नति के संबंध में अलग अलग मापदण्ड निर्धारित किये जा रहे है जिससे ऐसे प्रकरणो में विसंगतिया उत्पन्न होने के कारण न्यायिक विवाद की संभावना बनी रहती है। उपर्युक्त विषय में विभिन्न विभागों द्वारा प्रकरण कार्मिक विभाग में राय/मार्गदर्शन हेतु भी प्रेषित किये जा रहे है।

अतः कार्मिक विभाग द्वारा ऐसे प्रकरणो का नियमों के अन्तर्गत परीक्षण कर मृतक आश्रित कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति, स्थाईकरण, वरिष्ठता एवं पदोन्नति के संबंध में स्पष्टीकरण एवं नियम निवर्चना निम्नानुसार की जाती है–

क्रमांक	बिन्दु	स्पष्टीकरण
1	मृतक आश्रित कर्मचारी की नियुक्ति नियमित कब से होगी ।	अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के तहत नियुक्त कर्मचारी की नियमित नियुक्ति कार्यग्रहण दिनांक से ही मानी जावेंगी।

2	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा कम्प्यूटर योग्यता अर्जित करने के संबंध में।	नियुक्ति के समय कम्प्यूटर अर्हता पर जोर नहीं दिया जायेगा। मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को परिवीक्षा की कालावधि के भीतर सुसंगत नियमों में यथाविहित कम्प्यूटर अर्हताओं में से कोई अर्हता प्राप्त करनी होगी ।
3	मृतक आश्रित कर्मचारी की वरिष्ठता के संबंध में ।	मृतक आश्रित कर्मचारी की वरिष्ठता, कार्यग्रहण दिनांक से ही मानी जावेगी।
4	मृतक आश्रित कर्मचारी के परिवीक्षाकाल के संबंध में ।	मृतक आश्रित कर्मचारी का परिवीक्षाकाल भी सीधी भर्ती में नियुक्त कर्मचारी की भांति दो वर्ष का होगा किन्तु यदि वह दो वर्ष में कम्प्यूटर योग्यता अर्जित नहीं करता है, तो उसका परिवीक्षाकाल अधिसूचना दिनांक 02.01.2017 के प्रावधानानुसार उतनी ही अवधि का बढाया हुआ समझा जावेगा जितनी अवधि में वह कम्प्यूटर योग्यता अर्जित करता है।
5	मृतक आश्रित कर्मचारी के स्थायीकरण के संबंध में।	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा कम्प्यूटर योग्यता अर्जित करने के पश्चात् परिवीक्षाकाल संतोषजनक होने पर उसका स्थायीकरण किया जावेगा।
6	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा प्रशिक्षण/विभागीय परीक्षा /टंकण परीक्षा उत्तीर्ण किये जाने के संबंध में।	जब तक वह ऐसी अर्हताएं अर्जित नही कर लेता है तब तक उसे कोई वार्षिक वेतनवृद्धि अनुज्ञात नहीं की जायेगी। ऐसी अर्हताएं अर्जित करने पर उसे नियमानुसार काल्पनिक रूप से वेतन वृद्धि देय होगी तथा कोई नकद संदाय नहीं किया जायेगा।
7	मृतक आश्रित कर्मचारी की पदोन्नति के संबंध में।	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा यदि नियमानुसार कम्प्यूटर योग्यता /टंकण परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गई है, तो उसकी पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर नियमानुसार देय है। किन्तु यदि उसने नियमों में विहित कम्प्यूटर योग्यता/टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, तो इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जब तक मृतक आश्रित कर्मचारी के द्वारा कम्प्यूटर योग्यता व टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नही कर ली जाती है, तब तक उसे पदोन्नति देय नहीं होगी और जैसे ही वह कम्प्यूटर

		योग्यता/टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करेगा, उसके बाद आने वाली अप्रैल के प्रथम दिन की स्थिति में उसे नियमानुसार पदोन्नति देय होगी। उदाहरणार्थ–किसी कर्मचारी की नियुक्ति तिथि 5.8.2010 है और उसके द्वारा अनुकम्पा नियम 1996 के नियम 9 के अनुसार कम्प्यूटर योग्यता/ प्रशिक्षण/विभागीय परीक्षा या टंकण परीक्षा दिनांक 5.8.14 को अर्जित की गई है तो उसे पदोन्नति 5.8.2014 के पश्चात आने वाली अप्रैल की स्थिति में देय होगी।
8	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा निर्धारित योग्यता अर्जित नहीं करने की स्थिति में पद सुरक्षित रखे जाने के संबंध में।	मृतक आश्रित कर्मचारी द्वारा निर्धारित योग्यता अर्जित नहीं करने और उससे कनिष्ठ के पदोन्नत होने की स्थिति में ऐसे कर्मचारियों के लिए पद सुरक्षित नहीं रखा जायेगा एवं बिन्दु संख्या 07 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

अतः समस्त विभागाध्यक्षों/नियुक्ति प्राधिकारियों को निर्दिष्ट किया जाता है कि मृतक आश्रित कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों में उक्त नियमों एवं दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

(रोली सिंह)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, राजस्थान ।
2. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
3. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
4. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड , जयपुर।
5. पंजीयक, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

(जय सिंह)
उप शासन सचिव

31/2020

आवेदन-पत्र का प्रारूप

भाग - 1

1 मृतक राज्य कर्मचारी का नाम व पद

2 निधन की दिनांक एवं स्थान
(मृत्यु प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

3 विभाग का नाम जिसमें वह मृत्यु के समय कार्यरत था

4 मृत्यु के समय धारित पद तथा उसका वेतनमान

5 नियुक्ति का प्रकार : (स्थाई/ अस्थाई)

6 राजकीय सेवा मे प्रथम नियुक्ति का दिनांक

7 मृतक कर्मचारी के परिवार के सदस्यो का विवरण:-
(केवल परिवार के सदस्यो के ही नाम लिखे जाये)

क्र.स.	नाम	मृतक से संबंध	जन्म दिनांक एवं आयु	शैक्षणिक योग्यता	विवाहित/ अविवाहित	मासिक आय* रूपये
1						
2						
3						
4						
5						

* नियम 10(3) मे यथा विर्णित शपथ-पत्र संलग्न करे

भाग - 2

राजकीय सेवा मे नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले आश्रित का विवरण-

आवेदक की फोटो

1 नाम

2 आयु एवं जन्मतिथि

3 शैक्षणिक योग्यता
(प्रमाण-पत्र संलग्न करे)

4 मृतक राज्य कर्मचारी से सम्बन्ध

5 आवेदित पद का नाम व वेतनमान

स्थाई पता :-

आवेदक के हस्ताक्शर

भाग - 3

<u>यदि आवेदक विधवा स्वयं नही हे तो विधवा/अन्य आश्रितों की सहमति</u>

मैने आवेदन के भाग (1) व (2) मे उल्लिखित सूचना पढ ली है । भली प्रकार सुन ली है । आवेदक को नोकरी दिये जाने हेतु मेरी/अन्य आश्रितों की सहमति है। जिसके समर्थन में मेरा/अन्य आश्रितों का घोषणा पत्र संलग्न है ।

विधवा के हस्ताक्षर

साक्ष्य: 1.

2.

भाग - 4

<u>विभागाध्यक्ष का प्रमाण-पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि :-

(1) आवेदन पत्र विभाग में दिनांक ..... को प्राप्त हुआ है जो कि डायरी संख्या ..... दिनांक ..... पर दर्ज है ।

(2) आवेदन पत्र मे अंकित सूचनायें मृतक कर्मचारी के सेवा अभिलेख के अनुसार सही है । नियमों के अनुसार आवेदक आवेदित पद ..... पद नियुक्ति का पात्र है ।

हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष
(मय कार्यालय सील)

भाग - 5

<u>विभागाध्यक्ष का प्रमाण-पत्र यदि आवेदन पत्र अन्य विभाग को भेजा जाना है</u>

प्रमाणित किया जाता है कि :-

(1) आवेदक आवेदित पद पर नियुक्ति का पात्र है किन्तु यह पद ..... विभाग मे नही है । अत: आवेदन पत्र .... को अग्रेषित किया जा रहा है ।

(2) मृतक कर्मचारी के नियम के पश्चात आज तक उसके स्थान पर किसी भी आश्रित को किसी भी पद पर नियुक्ति नही दी गई है ।

हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष
(मय कार्यालय सील)

आवेदक का प्रमाण-पत्र

मै प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन पत्र के भाग (1) व (2) मे वर्णित तथ्य मेरी जानकारी में सही है । यदि भविष्य मे कोई भी तथ्य असत्य पाया जावे तो मेरी सेवाऐं समाप्त की जा सकेगीं ।

आवेदक के हस्ताक्षर

साक्ष्य: 1.

2.

...

कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

परिपत्र

राजस्थान मृत राज्य कर्मचारियो के आश्रितो को अनुकम्पा नियुक्ति नियम– 1996 के अर्न्तगत मृत राज्य कर्मचारियो के आश्रितो को अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणो को अधिनस्थ अधिकारियो द्वारा नियमो के परिपेक्ष्य में परीक्षण किये बिना निदेशालय को अग्रेषित कर दिए जाते है तथा निदेशालय द्वारा बार–बार आक्षेपो की पूर्ति हेतु आपको निर्देशित किया जाता रहता है, इस कारण प्रकरण निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब होता है।

अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणो के सम्बन्ध में निम्न निर्देशो की पालना हेतु आपको निर्देशित किया जाता है।

01.कार्मिक की मृत्यु के 90 दिवस में आवेदन करने के लिए मृतक आश्रित परिवार को अवगति प्रदान कर आवेदन करने का निवेदन करे तथा नियमो में निर्धारित आवेदन पत्र की प्रति तथा दिशा निर्देश साथ में संलग्न करे, साथ ही यह अवगत करावे कि 90 दिवस पश्चात प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

02.आवेदक द्वारा 90 दिवस पश्चात प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जावे। इस सम्बन्ध में अपने अधिनस्थ संस्था प्रधानो को भी अवगत करावे।

03.कार्यालयाध्यक्ष का दायित्व होगा कि वह प्रकरण का परीक्षण कर सम्पूर्ण औपचारिकताए पूर्ण करवावे।

04.ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रकरण प्राप्त होने पर वरिष्ठतम लेखाधिकारी से प्रकरण का परीक्षण उपरान्त अपनी स्पष्ट अभिशंषा सहित 15 दिवस की अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रेषित करे।

05.जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रकरण प्राप्त होने पर वरिष्ठतम लेखाधिकारी से प्रकरण का परीक्षण उपरान्त अपनी स्पष्ट अभिशंषा सहित अधिकतम 30 दिवस की अवधि में उप निदेशक (प्राशि) को अग्रेषित करे।

06.उप निदेशक कार्यालय में प्रकरण प्राप्त होने पर प्रकरण वरिष्ठतम लेखाधिकारी से परीक्षण उपरान्त अपनी स्पष्ट अभिशंषा सहित अधिकतम 15 दिवस में निदेशालय को अग्रेषित करे।

07.निदेशालय में आवेदन पत्र भिजवाने से पूर्ण भलीभांति परीक्षण कर लिया जावे कि प्रकरण पूर्ण है इस हेतु निदेशालय द्वारा निर्धारित परीक्षण सूची संलग्न प्रेषित है।

08.कर्मचारी की मृत्यु पश्चात सेवा समाप्ति आदेश तुरन्त जारी करे तथा उसकी प्रति रजिस्टर्ड डाक से निदेशालय को भिजवावे।

09.अवयस्क आवेदक का आवेदन पत्र लम्बित रखने का प्रावधान नही है अतः प्रकरण का निस्तारण कर मृतक आश्रित परिवार के वयस्क सदस्य को मृत्यु के 90 दिवस में ही आवेदन करने की राय प्रदान करे।

10.निर्धारित आयु–सीमा से अधिक आयु के प्रकरणो में नियुक्ति देय नही है। अतः इस प्रकार के प्रकरण निदेशालय को नही भिजवावे जावे।

संलग्नः– निर्धारित परीक्षण सूची

(राजेन्द्र डूडी)
वित्तीय सलाहाकर
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/प्रारं/साप्र/बी/2611/मूल/16
दिनांकः– 20/2/18

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01.समस्त उप निदेशक (प्राशि)

02.समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्राशि) को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधिनस्थ समस्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारीयो तथा संस्था प्रधानो को उक्त निर्देशो से अवगत करावे।

03.निजी सचिव, निदेशक महोदय,

04.निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार

05.रक्षित पत्रावली

(राजेन्द्र डूडी)
वित्तीय सलाहाकर
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

जॉच सूची

1. आवेदन पत्र नियमो में निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरकर भिजवावे।
2. आवेदक को नियुक्ति देने में सहमति का आश्रित परिवार के समस्त व्यस्क सदस्यों का शपथ–पत्र।
3. पेंशन राशि सहित परिवार की कुल आय का अलग अलग मदवार आवेदक का शपथ–पत्र।
4. नियुक्ति उपरान्त कोई अन्य आश्रित नियुक्ति का हकदार नही होने का आवेदक का शपथ–पत्र।
5. मृतक आश्रित परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों के नियम–5 के अनुसार निम्न शपथ–पत्र निर्धारित भाषा में ही देवें:–

   स्व0 श्री.....के आश्रित परिवार का कोई भी सदस्य केन्द्र या राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय/ राज्य सरकार के कानूनी बोर्ड, सगठन/निगम जो पूर्णतः या भागतः केन्द्र/राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में हो, के अधीन सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के समय तथा वर्तमान में भी नियमित आधार पर नियोजित नही है, एवं ना ही पूर्व में किसी आश्रित को नियुक्ति प्रदान की गई है।
6. आक्षेप संख्या–5 में अंकित भाषा में जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र।
7. नियुक्ति उपरान्त आश्रित परिवार के भरण–पोषण करने के संबध में आवेदक का शपथ–पत्र, स्पष्ट अंकित करावें कि भरण–पोषण नही करने की स्थिति में नियुक्ति समाप्त कर दी जावे।
8. आवेदक पुत्री होने पर अविवाहित होने का शपथ–पत्र प्रस्तत करें।
9. आवेदक यदि पत्नी है तो पुनः विवाह नही करने का का शपथ–पत्र।
10. मृतक कर्मचारी की सेवायें नियमित एवं निन्तर होने का कमांक/दिनांक सहित जि.शि.अ. कर प्रमाण–पत्र।
11. प्रार्थी की जन्मतिथि/शैक्षिक योग्यता के प्रमाण–पत्रों की पठनीय प्रमाणित प्रति।
12. मृत्यु प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
13. शिथिलन की स्थिति में मृतक परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति होने का आवेदक का शपथ पत्र।
14. प्रकरण में शिथिलन की स्थिति में मृतक परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति का जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संतुष्ट होने की स्थिति में प्रदत्त प्रमाण पत्र।
15. मृतक राज्य कर्मचारी के सेवा समाप्ति आदेश की पठनीय प्रमाणित प्रति।
16. मृतक राज्य कर्मचारी प्रारम्भिक शिक्षा विभाग का होने की स्थिति में जि.शि.अ.स्पष्ट प्रमाण–पत्र देवे–

    यह प्रमाणित किया जाता है कि मृतक कर्मचारी स्व श्री.....राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विधालय.....जिला.....में कार्यरत थे ये प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के कार्मिक होते हुए राज्य कर्मचारी थे। ये पंचायती राज के कर्मचारी नही थे।
17. आवेदक द्वारा आवेदन विलम्ब से प्रस्तुत करने पर औचित्य सहित शपथ–पत्र।
18. विभाग द्वारा आवेदन पत्र विलम्ब से भिजवाया जा रहा है तो औचित्य सहित कारण स्पष्ट करते हुए दोषी के विरूद्व कार्यवाही प्रस्तावित करावे।
19. परिशिष्ट–1 पूर्ण भरकर परीक्षण उपरान्त जिशिअ तथा उप निदेशक की स्पष्ट अभिशंषा सहित भेजे।
20. आवेदक के विवाहित होने पर बच्चों का जन्मतिथि सहित विवरण का शपथ–पत्र।
21. मृतक कार्मिक के शिक्षा विभाग में चयनित/नियुक्ति आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

परिपत्र

राजस्थान मृतक राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के तहत अनुकम्पात्मक नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान किया गया है । अनुकम्पात्मक नियुक्ति दिये जाने का उद्देश्य मृतक आश्रित परिवार को तुरन्त राहत पहुंचाना है किन्तु ध्यान में आया है कि अधिनस्थ कार्यालयों द्वारा नियमों की भावना के विपरीत प्रकरणों का निस्तारण समय पर नहीं किया जा रहा है जिसके कारण मृतक आश्रित परिवार को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पडता है । अतः मृतक आश्रित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हेतु निम्न दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं :–

1. कार्मिक की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर संस्था प्रधान कार्मिक परिवार को नियमों में निर्धारित आवेदन पत्र (प्रतिसंलग्न) आश्रित परिवार को भिजवाकर मृत्यु के **90दिवस** के भीतर पात्र आशार्थी का आवेदन करने की राय प्रदान करेगें ।
2. मृतक आश्रित परिवार द्वारा विद्यालय/कार्यालय में आवेदन करने पर निर्धारित विभागीय जांच सूची (प्रतिसंलग्न) के अनुसार प्रकरण का समुचित परिक्षण कर प्रकरण **15दिवस** की अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेगें । जिसकी सूचना आवेदक को भी दी जावेगी ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रकरण का नियमों के परिपेक्ष्य में विभागीय जांच सूची अनुसार अपनी स्पष्ट अभिशंषा परिशिष्ट '1' में कर प्रकरण **15दिवस** के अन्दर अपने मण्डल कार्यालय को प्रस्तुत करेगें । प्रायः ध्यान में आया है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अपात्र आवेदकों के आवेदन पत्र स्वीकार कर नियमों के विपरीत आवेदन पत्र को अग्रेषित कर देते हैं जिससे प्रकरण में अनावश्यक विलम्ब होता है अतः जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व होगा कि अपात्र आवेदन का आवेदन पत्र में नियुक्ति की अभिशंषा न की जावे । तथा प्रकरण का अपने स्तर पर निस्तारण करें ।
4. उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में प्रकरण प्राप्त होने की अवधि से **एक सप्ताह** के भीतर आवेदन पत्र अपनी स्पष्ट अभिशंषा के साथ निदेशालय को भिजवावें ।
5. निदेशालय द्वारा प्रकरण की जांच में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो उस कमी की पूर्ति हेतु संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करने के साथ साथ आवेदक को भी सूचित किया जाता है । तदुपरान्त भी ध्यान में आया है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आक्षेपों की विधिवत पूर्ति किये बिना प्रकरण निदेशालय को भिजवा देते हैं । जिससे प्रकरण में अनावश्यक विलम्ब होता है ।
6. शिथिलन योग्य प्रकरणों में जिला शिक्षा अधिकारी मृतक आश्रित परिवार की आर्थिक स्थिति का परिक्षण किये बिना तथा प्रकरण के गुणदोष पर विचार किये बिना निदेशालय को प्रकरण भिजवा दिये जाते हैं जो राज्य सरकार स्तर पर आक्षेपित होकर प्राप्त होते हैं । इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि मृतक आश्रित परिवार की आर्थिक स्थिति का परिक्षण कर अपनी स्पष्ट जांच रिपोर्ट तथा अभिशंषा के साथ स्वयं प्रमाण पत्र जारी करें ।

7. प्रायः ध्यान में आरहा है कि अनेक जिला शिक्षा अधिकारी उनके स्तर पर वांछित प्रमाण पत्र स्वयं के हस्ताक्षरों से जारी नहीं कर केवल प्रतिहस्ताक्षर करते हैं जो प्रकरण में अनावश्यक विलम्ब का कारण बनता है । अतः जो प्रमाण पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के स्तर से जारी होने है उन्हें वे स्वयं अपने हस्ताक्षर से जारी करें ।
8. निदेशालय द्वारा नियुक्ति अनुमोदन कर दिये जाने के पश्चात् भी नियुक्ति अधिकारी द्वारा पदस्थापन आदेश जारी करने में अनावश्यक विलम्ब कर रहे हैं इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि आवेदक से वांछित दस्तावेज निर्धारित समय सीमा में प्राप्त करें तथा तत्काल नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी करें ।
9. दिनांक 30.04.2016 तक विभाग में प्राप्त आवेदन पत्र दिनांक 31.05.2016 तक वाहक के साथ निदेशालय को भिजवा देंवे । इस संबंध में मंडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारियों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर भिजवावें कि 30.04.2016 तक प्राप्त समस्त प्रकरण भिजवा दिये गये हैं कोई भी प्रकरण अधिनस्थ कार्यालय में लंबित नहीं है । इसके पश्चात् पूर्व अवधि का प्रकरण प्राप्त होता है तो दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी ।

समस्त उपनिदेशक एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को पाबंद किया जाता है कि उक्त दिशा निर्देशों की पालना अक्षरशः सुनिश्चित करावें ।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर ।

क्रमांकः–शिविरा/मा/साप्र/ए–4/3901/मूल/विविध/2016 दिनांकः– 13.05.2016
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. समस्त उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रथम/द्वितीय
3. अनुभाग अधिकारी सिस्टम एनेलेसिस को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
4. रक्षित पत्रावली

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर ।

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर–:

कार्यालय आदेश :–

राजस्थान सरकार के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत कार्मिक विभाग /राज्य सरकार, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर एवं मण्डल कार्यालयों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण करने के उपरान्त राज्य सरकार के आदेश कमांक ए–5(51)कार्मिक/क–2/88–I दिनांक 29–4–99 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मृतक आश्रितों की संलग्न सूची के अनुसार लिपिक ग्रेड II 72 एवं 29 सहायक कर्मचारी कुल 101 अभ्यर्थीयों की अनुकम्पात्मक नियमों के तहत नियुक्ति का अनुमोदन किया जाकर उनके नाम के आगे अंकित मण्डल में पदस्थापन हेतु आवंटित किया जाता है ।

नियुक्ति अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व निम्न शर्तो की पालना सुनिश्चित करेगें :–

1– राज्य सरकार के मृतक आश्रितों में से लिपिक ग्रेड II के पद पर नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी करने से पूर्व आवेदकों की शैक्षिक/प्रशैक्षिक संबंधी योग्यता के मूल प्रमाण–पत्र प्राप्त कर उनकी वैधता एवं मान्यता आदि की पूर्ण जॉच करें एवं योग्यता के बारे में पात्रता रखने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करे।

राज्य से बाहर की डिग्रियों/प्रमाण पत्र के सत्यापन/वैधता एवं मान्यता के संबंध में सावधानी पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की जॉच करेगें।

2– मृत राज्य कर्मचारियों के परिवार का कोई भी सदस्य किसी सरकारी /केन्द्र/निगम बार्ड या उपकम में कार्य ग्रहण तिथि तक नियोजित नहीं है इस हेतु अनुकम्पात्मक नियमों के नियम 5 के अनुसार शपथ पत्र आश्रित से प्राप्त करें । (मृतक की पत्नी पर यह नियम लागू नहीं होगा ।)

3– मृतक की पुत्री की नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया हो तो उसके पदस्थापन के समय तक वह अविवाहित है इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करें।

4– कार्मिक विभाग के परिपत्र आदेश दिनांक 27.02.01 द्वारा जारी निर्देशों की पालना में मृतक के आश्रितों के पालन पोषण / भरण पोषण करने संबंधी शपथ पत्र प्राप्त करेंगे । कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 27.02..01 की पालना नहीं करने की स्थिति में नियुक्ति समाप्त की जा सकती हैं।

5– दत्तक पुत्र पुत्रियों के संबंध में वैधता की जांच हिन्दु दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम1956 के प्रावधानुसार करेंगे ।

6– राज्य सरकार की अधिसूचना कमांक एफ–7(1) कार्मिक (क–2) (95) दिनांक 08.04.03 के अनुसार दिनांक 01.06.02 को या उसके पश्चात दो से अधिक संतान होने की स्थिति में नियुक्ति के पात्र नहीं माने जावेंगे, किन्तु राज्य सरकार (डीओपी) के आदेश दिनांक 29.10.05 के अनुसार विधवा की नियुक्ति में यह प्रावधान लागू नहीं होंगे ।

7– संलग्न सूचियों में अंकित अभ्यर्थियो के नियुक्ति आदेश राज्य सरकार के नोटिफिकेशन क्रमांक 7 (2)डीओपी/ ए–11/06 दिनांक 20.01.06 एवं वित (नियम डीविजन) विभाग के नोटिफिकेशन क्रमांक एफ 12 (6) एफ डी /रूल्स/06 दिनांक 13.03.06 के अनुसार प्रोबेशन ट्रेनिज के रूप में किया जा कर फिक्स रेमुनरेशन पर नियुक्ति अनुमोदन की जाती हैं ।

17/5/16

8– परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनिज) की अवधि में फिक्स रेमुनरेशन के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के भत्ते यथा मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता, मंहगाई वेतन (डीपी) विशेष वेतन, बोनस आदि देय नहीं होगा ।

9– परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनिज) की अवधि में राज्य बीमा,सामान्य प्रावधायी निधि आदि की कटौती नहीं होगी ।

10– परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण की अवधि को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिये गणना योग्य नहीं माना जावेगा ।

11– परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में इन्हें कलेण्डर वर्ष में केवल 12 दिन का ही आकस्मिक अवकाश देय होगा । पूर्ण कलेण्डर वर्ष से कम अवधि होने पर पूर्ण माह के आधार पर आकस्मिक अवकाश अनुज्ञात किया जावेगा ।

12– प्रोबेशन ट्रेनी के फिक्स रेमुनरेशन से पेंशन अंशदान की कटौती नहीं होगी ।

13– लिपिक ग्रेड II के पद पर नियुक्ति अभ्यर्थी राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 7(2) कार्मिक/ए–II/ 2006 दिनांक 05.07.10 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्त होना चाहिये तथा उक्त नियमों के अन्तर्गत कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 21.09.10 के अनुसार मृतक आश्रित को कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण करने की अहर्ता नियुक्ति के पश्चात् एक वर्ष की अवधि में अर्जित करनी होगी।

14– लिपिक ग्रेड II के पद पर नियुक्ति अभ्यर्थी की टंकण परीक्षा अब अधिसूचना दिनांक 05.07.10 के अनुसार कम्प्युटर से ली जावेगी जिसे आश्रित को नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि में उत्तीर्ण करनी अनिवार्य होगी, अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिये जावेगें। इन्हे आगामी वेतन वृद्धि टंकण परीक्षा उत्तीण करने के पश्चात् ही देय होगी। कार्मिक (क–2) विभाग राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना दिनांक 07.09.09 के अनुसार मृत राज्य कर्मचारी की विधवा को टंकण परीक्षा करने से छूट दी जायेगी।

15– राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अन्य निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित करेंगे तथा **नियुक्ति अधिकारी मृतक आश्रित के अच्छे आचरण का सत्यापन सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक से करवाने के पश्चात ही आदेश जारी करेंगें ।**

16– राज्य सरकार की अधिसूचना एफ–5(51)डीओपी/ए–II/88 पीटी जयपुर दिनांक 08.04.15 के अनुसार नियम–5 में हुए संशोधन की पालना सुनिशिचित करें।

17– यदि मृतक आश्रित प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित है तो प्रथम प्राथमिकता प्रारंभिक शिक्षा के रिक्त पद पर दी जायेगी । रिक्त पद न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही माध्यमिक शिक्षा में नियुक्ति आदेश जारी किये जा सकेगें।

18– माध्यमिक शिक्षा सेटअप में स्वीकृत स्टाफिंग पेटर्न के अनुसार ही पदस्थापन किया जाये।

चूकि विभाग में लिपिक ग्रेड II/सहायक कर्मचारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्ति अधिकारी हैं अतः संलग्न सूची के अनुसार पदस्थापन आदेश 15 दिवस के भीतर जारी कर पदस्थापन आदेश 02 प्रतियों में इस कार्यालय को आवश्यक रूप से भिजवावें एवं आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे ।

7/5/16

उक्त आदेश जारी कर दो प्रतियाँ उप शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राज0 जयपुर, एक प्रति उप शासन सचिव कार्मिक (क–2) विभाग, शासन सचिवालय,राज0 जयपुर को एवं इस कार्यालय को भी भिजवाना सुनिश्चित करें ।

संलग्न : उपरोक्तानुसार (सूची)

(बी.एल. स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
निदेशकमाध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / साप्र / ए–4 / 3901 / नियुक्ति मूल / 2016 /

दिनांक : 13.05.16

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

(1) उप सचिव (एम) मुख्य मंत्री सचिवालय,राज0जयपुर ।
(2) संयुक्त शासन सचिव–प्रथम, शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग, राज0 जयपुर ।
(3) संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, राज0 जयपुर ।
(4) निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राज0 बीकानेर ।
(5) उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा, ... को संलग्न सूची (लिपिक ग्रेड II तथा सहायक कर्मचारी के कुल) में उल्लेखित अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र मूल में ही संलग्न कर निर्देशित किया जाता हैं कि रिक्त पदो के अनुसार नियुक्ति आदेश जारी करवाकर पालना सुनिश्चित करावें ।
(6) जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक / प्रथम)..... ।
(7) स्टाफ आफिसर, निजी अनुभाग ।
(8) अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग।
(9) रक्षित पत्रावली ।

(बी.एल. स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
निदेशकमाध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

आवेदित पद – लिपिक ग्रेड II

मृतक राज्य कर्मचारी आश्रित जिन्हे निदेशालय के आदेश क्रमांक – शिविरा/माध्य/साप्र/ए–4/3901/नियुक्ति/2016 दिनांक 13.05.2016 के तहत 72 लिपिक ग्रेड II पद पर नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया है का विवरण (स्थिर पारिश्रमिक 8910 रुपये)

क्र. सं.	आवेदक का नाम,संबंध शैक्षणिक योग्यता व जन्म तिथि	आवेदन की दि. तथा आवेदित पद	मृतक कर्मचारी का नाम मय पदनाम	मृत्यु तिथि	आवंटित मंडल
1	2	3	4	5	6
1	श्री शील स्वामी पुत्र बी.ए. 04.05.1995.	29.03.2016 लिपिक ग्रेड II	श्री शशि स्वामी लिपिक ग्रेड II	23.02.16	बीकानेर
2	श्री अरूण कुमार तिवाडी, पुत्र, बीकॉम, 21.12.90	28.01.16 लिपिक ग्रेड II	श्री श्यामलाल तिवाडी, अ0, प्राशि	10.01.16	बीकानेर
3	श्री शिवकरण, पुत्र, बीए, 01.07.83	26.10.15 लिपिक ग्रेड II	श्री मालाराम गोदारा, व0अ0, प्राशि	15.08.15	बीकानेर
4	श्री नितेश भारद्वाज, पुत्र, बीए, 16.11.96	01.01.16 लिपिक ग्रेड II	श्री बालचन्द शर्मा, अ0, प्राशि	26.11.15	बीकानेर
5	श्रीमती किरण देवी, पत्नी, सीसै, 05.08.86	30.11.15 लिपिक ग्रेड II	श्री भाल सिंह, अ0, प्राशि	14.10.15	बीकानेर
6	श्री सुरजपाल सिंह, पुत्र, एम.ए., 20.02.1990	10.07.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री कैलाशचन्द्र सक	12.06.15	चूरू
7	श्री अशोक कुमार, पुत्र, सीसै, 15.06.89	20.05.13 लिपिक ग्रेड II	श्री रामप्रताप, अ0, प्राशि	13.04.13	चूरू
8	श्री विजय सिंह, पुत्र, सीसै, 08.09.95	05.05.15 लिपिक ग्रेड II	श्री मान सिंह, अ0, प्राशि	13.02.15	चूरू
9	श्रीमती सुनिता शर्मा, पत्नी, सीसै, 02.10.68	29.10.12 लिपिक ग्रेड II	श्री राधामोहन शर्मा, अ0, प्राशि	02.08.12	चूरू
10	श्री मोहित मोर्य, पुत्र, बी. एस.सी. , 08.09.1993	09.12.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री रमेश कुमार कलि	04.11.15	चूरू
11	श्री राजपाल, पुत्र, बी.ए. 01.01.1994	21.12.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री रामेश्वर लाल व.अ.	17.11.15	चूरू
12	श्री विजेन्द्रसिंह, पुत्र, सीसे, 27.04.1983	04.02.2016 लिपिक ग्रेड II	श्री गिरधारी लाल का. स.	14.01.16	चूरू
13	श्री नरेन्द्र सिंह, पुत्र, बीए. 11.09.1985	23.10.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री सावन्त सिंह वलि	24.08.15	चूरू
14	रामावतार शर्मा, पुत्र, बीए 23.07.88	22.12.15 लिपिक ग्रेड II	श्रीमती लक्ष्मीदेवी,स.क.	30.11.15	चूरू
15	श्री पुरुषोतम बलाई, पुत्र, सीसै, 05.10.1994	21.12.2015 लिपिक ग्रेड II	श्रीमती भगवती देवी सक	09.10.15	जयपुर
16	श्री मुकेश सैन, पुत्र, बी.ए. 10.10.1993	19.12.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री लक्ष्मीनारायण सैन सक	28.11.15	जयपुर
17	कुलदीप चौधरी, पुत्र बी.ए. 15.08.1994	12.01.2016 लिपिक ग्रेड II	श्री रंगलाल जाट, अध्यापक	19.12.15	जयपुर

12/5/16

18	श्री मोहित कुमार पुत्र एम कॉम 08.09.1991	31.10.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री रामबाबु शर्मा वलि	27.09. 15	जयपुर
19	श्रीमती मीरा देवी पत्नि, बी.ए. 20.06.85	07.09.2015 लिपिक ग्रेड II	श्री रतनलाल कानिस्टेबल ड्राईवर	10.07. 15	जयपुर
